
महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

16 वर्षों से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

ह्रीं श्रीं

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

*जिस समय हमारा मन दूसरों के लिए शुभ सोचना प्रारंभ कर देता है, शांति उसी समय से हमारे जीवन में प्रविष्ट हो जाती है...*

वर्ष : 16 अंक : 227 | उज्जैन, सोमवार 26 जनवरी 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए

# उज्जैन बन गया है उमंग, उत्साह, जोश और आनंद की सांस्कृतिक राजधानीः मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने राहगीरी-2026 किसानों को किया समर्पित, राहगीरी के मंच से किसानों को किया सम्मानित

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन उमंग, उत्साह, जोश और आनंद की नगरी बन गया है। हर क्षण यहां मेले, उत्सव, त्यौहार मनाए जाते हैं। उज्जैन उत्सवों की राजधानी बन गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात उज्जैन के कोठी रोड पर रविवार की सुबह आयोजित राहगीरी आनंद उत्सव का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शंखनाद कर देवताओं के आह्वान की सनातन परंपरा का निर्वहन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव राहगीरी आनंद उत्सव में सम्मिलित हुए। आनंद, मौज मस्ती, योगा, पारंपरिक खेलकूद के साथ सुबह के भ्रमण का आनंद उठाने के लिए हजारो की संख्या में लोग भी पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान लगभग 70 से अधिक संस्थाओ ने मंचों से मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत अभिनंदन किया।

किसानों का किया सम्मान - मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राहगीरी कार्यक्रम के समापन पर किसानों को शाल-श्रीफल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि वर्ष-2028 में उज्जैन में सिंहस्थ का आयोजन किया जाएगा। यह पूरे उत्साह, उमंग और भारतीय संस्कृति विरासत को दुनिया को दिखाने का महत्वपूर्ण अवसर होगा। भारतीय सनातन परंपरा को विश्व पटल पर नई पहचान के साथ उल्लेखित करने के प्रयास किए जाएंगे।





मुख्यमंत्री डॉ. यादव कहा कि राहगीरी-2026 कार्यक्रम हमने किसानों को समर्पित किया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किसानों के हितों के संरक्षण के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी चट्टान की तरह खड़े हैं, और उसमें अपनी सहभागिता निभाने के लिए भी हम सभी किसान भाइयों के साथ लगातार प्रयास कर रहे हैं। आज किसानों का सम्मान कर हम आनंदित हैं हमारी मातृभूमि के सच्चे सपूतों के रूप में किसान भाई हमारे देश की उन्नति में अपनी सहभागिता कर रहे हैं।

जिले के प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल, विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, श्री सतीश मालवीय, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, महापौर श्री मुकेश टटवाल, श्री संजय अग्रवाल और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

आनंद उत्सव राहगीरी में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अपने बीच पाकर लोगों में उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान सुबह की सैर पर आए बच्चे, बूढ़ें, जवान और बहनों, सभी में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ फोटो क्लिक कराने का उत्साह दिखाई दिया। लोगों ने मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर स्वागत के लिए पलक पावड़े बिछाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भी आनंद के इस उत्सव में सभी को प्रोत्साहित कर उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बीएसएफ, सीआरपीएफ, मध्यप्रदेश पुलिस के सशस्त्र जवानों ने संयुक्त रूप से सलामी दी। इस दौरान बैंड की प्रस्तुति भी दी गई। राहगीरी के दौरान यातायात पुलिस के मंच पर मुख्यमंत्री ने हैलमेट पहनाकर यातायात सुरक्षा का संदेश मध्यप्रदेश की जनता को दिया। उन्होंने मंच पर ही छोटे बच्चों को उपहार भी प्रदान किए।

मुख्यमंत्री ने बैलगाड़ी की सवारी की किसानों के सम्मान में- कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैलगाड़ी की सवारी करते हुए लोगों का अभिवादन भी स्वीकार किया। इस अवसर पर संस्थाओं द्वारा मुख्यमंत्री को साफा, माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सांस्कृतिक मंच पर गोविंद बोलो-हरि गोपाल बोलो भजन भी सुनाया।

मुख्यमंत्री ने लहराया भगवा ध्वज- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कोठी रोड पर सम्राट विक्रमादित्य विश्व विद्यालय के मंच पर छोटी-छोटी बालिकाओं द्वारा भारत माता की आरती की प्रस्तुति की सराहना करते हुए बच्चों के बीच भगवा ध्वज लहराया। मंच पर मुख्यमंत्री ने ड्रम बजाकर नागरिक का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुश्ती महासंघ के मंच पर पहुंचकर गदा लहराई। इस दौरान पहलवानी करने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

मुख्यमंत्री का स्वागत 101 किलो फूलों से बनी माला से प्रेस क्लब अध्यक्ष ने किया- कोठी रोड पर स्थित सोसायटी फॉर प्रेस क्लब के मंच पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री नंदलाल यादव ने 101 किलो फूलों से बनी माला से किया। इस दौरान प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकार व प्रेस क्लब के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रेस क्लब द्वारा केसरिया दूध और जलेबी का निशुल्क वितरण किया गया।

मुख्यमंत्री ने कृषि उपकरणों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया- राहगीरी आनंद उत्सव के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कोठी रोड पर स्थित कृषि विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। विभाग द्वारा कृषि कार्य में उपयोग आने वाले उपकरणों की प्रदर्शनी आयोजित की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कृषि यंत्रों के बारे में जानकारी प्राप्त की। विभाग द्वारा इस अवसर पर श्रीअन्न (मोटे अनाज) के पांच प्रकार के लड्डूओं और खिचड़ी का वितरण निशुल्क किया गया।











# विंध्याचल सोशल ग्रुप का 20वां वार्षिकोत्सव भव्य रूप से सम्पन्न, 4500 से अधिक विंध्य जन हुए शामिल




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सामाजिक संस्था विंध्याचल सोशल ग्रुप का 20वां वार्षिकोत्सव स्नेह सम्मेलन होटल ब्लू लीफ, बिचौली मर्दाना इंदौर में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में 4500 से अधिक विंध्य क्षेत्र के लोगों की उपस्थिति ने ऐसा दृश्य प्रस्तुत किया मानो पूरा विंध्य अंचल मालवा की धरती पर उमड़ आया हो।

कार्यक्रम की शुरुआत ग्रुप की आराध्य देवी शारदा माता के पूजन एवं वंदना से हुई। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय गीतों की प्रस्तुतियों ने माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि सीधीङ्कसिंगरौली सांसद डॉ. राजेश मिश्रा रहे। विशिष्ट अतिथियों में मध्यप्रदेश शासन के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, इंदौर सांसद शंकर लालवानी, इंडिगो एयरलाइंस के उपाध्यक्ष वरुण द्विवेदी, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, समाजसेवी सुनील सिंह बघेल, डॉ. अरविंद शुक्ल, पूर्व एडिशनल एसपी तरुणेंद्र सिंह बघेल, विंध्य वासिनी मित्र मंडल देवास के राम पदार्थ मिश्रा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी सतीश दुबे ने की।

ग्रुप के सचिव दिलीप मिश्रा ने स्वागत भाषण देते हुए संगठन की गतिविधियों और उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने इंदौरङ्करीवा हवाई सेवा प्रारंभ कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, इंडिगो एयरलाइंस के उपाध्यक्ष वरुण द्विवेदी एवं मध्यप्रदेश शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रुप अध्यक्ष आर.पी. शर्मा ने मंच से अंबेडकर नगर इंदौरङ्करीवा ट्रेन को नियमित करने की मांग दोहराई तथा इंदौरङ्करीवा फ्लाइट के किराए को और कम करने की अपील की। वर्तमान में 4700 रुपये किराए को 4000 रुपये के भीतर करने की मांग रखी गई, ताकि आमजन भी इस सुविधा का लाभ ले सकें।

मुख्य अतिथि सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि इंदौर में इतनी बड़ी संख्या में विंध्य जनों की उपस्थिति देखकर उन्हें अपार प्रसन्नता हुई है। उन्होंने इंदौरङ्करीवा ट्रेन को नियमित कराने को अपनी भी मांग बताते हुए शीघ्र ही केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर इस विषय को उठाने का आश्वासन दिया। इंदौर सांसद शंकर लालवानी ने भी सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए विंध्याचल सोशल ग्रुप को बधाई दी और कहा कि सभी विंध्य सांसदों के साथ मिलकर ट्रेन को नियमित कराने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बघेली भाषा की मिठास और लोकप्रियता की भी सराहना की।

कार्यक्रम में विंध्य क्षेत्र से आई सुप्रसिद्ध लोकगायिकाएं श्रीमती कल्याणी मिश्रा एवं सुश्री अजीता द्विवेदी ने बघेली भाषा में सोहर, गारी, बनरा, स्वागत गीत सहित अनेक लोकगीतों की सुमधुर प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं का मन मोह लिया। इसके साथ ही ग्रुप से जुड़े बच्चों ने भी राष्ट्रीय गीतों, भजनों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

सम्मेलन में समाजहित में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 30 कार्यकर्ताओं, अधिक सदस्य जोड़ने वाले ग्रुप जोन, 35 से अधिक वरिष्ठ जनों, 137 से अधिक मेधावी छात्रङ्कछात्राओं तथा राज्य, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन रमाशंकर तिवारी ने किया।

# भिक्षावृत्ति त्यागकर आत्मनिर्भर बने इंदौर के 3 जांबाज कर्तव्य पथ पर दिल्ली की परेड में होंगे विशेष अतिथि



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इन्दौर अब भिक्षावृत्ति मुक्त शहर के रूप में देश के मानचित्र पर एक नई प्रेरणादायक गाथा लिख रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के भिक्षावृत्ति मुक्त भारत के स्वप्न को साकार करते हुए, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (भारत सरकार) द्वारा देश भर से ऐसे 100 नागरिकों को चयनित किया गया है, जिनमें संस्था के प्रतिनिधियों के अलावा ऐसे लोग भी शामिल है जिन्होंने भिक्षावृत्ति की राह छोड़कर सम्मान का जीवन चुना है। इस गौरवशाली सूची में इंदौर शहर से 5 लोग गणतंत्र दिवस 2026 की परेड में विशिष्ट अतिथि के रूप में कर्तव्य पथ पर शामिल होंगे।

सड़क से हवाई सफर– सम्मान की एक नई उड़ान- कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने इन जांबाजों के संघर्ष को सम्मान देते हुए लिए गए निर्णय अनुसार इन्हें दिल्ली का सफर हवाई मार्ग से कराया गया। यह केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि उन लोगों के गौरव की उड़ान है जिन्होंने समाज की मुख्यधारा में लौटने का साहस दिखाया। जिला प्रशासन, नगर निगम, संस्था प्रवेश, महिला बाल विकास विभाग और श्रम विभाग के साझा प्रयासों से इन्दौर को भारत का पहला भिक्षावृत्ति मुक्त शहर बनाने का गौरव प्राप्त हुआ है।

इन्दौर के गौरवशाली प्रतिनिधि- सुश्री आरती प्रजापति (11 वर्ष)– कभी सड़कों पर भीख मांगने को मजबूर थी, आज शासकीय स्कूल में कक्षा 4 की मेधावी छात्रा है।

ज्योति प्रजापति (30 वर्ष)– भिक्षावृत्ति छोड़ अब एक गेस्ट हाउस में हाउसकीपिंग के जरिए ससम्मान आजीविका कमा रही हैं।

रवि यादव (37 वर्ष)– अब स्वयं के हुनर से गोबर के गणेश मूर्ति का निर्माण कर स्वरोजगार से जुड़े हैं।

इनके साथ संस्था प्रवेश के प्रतिनिधि सुश्री रूपाली जैन एवं श्री रूपेन्द्र दोशी भी विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित हैं, जो इस दल का नेतृत्व करेंगे।

भारत सरकार की स्माइल योजना के तहत इंदौर में अब तक लगभग 5,500 व्यक्तियों को भिक्षावृत्ति के दलदल से मुक्त कराकर पुनर्वासित किया जा चुका है। यह आंकड़ा देश में एक रिकॉर्ड है। इंदौर ने पुनर्वास और कौशल विकास के क्षेत्र में नई मिसाल पेश की है। अभियान के तहत बच्चों को शिक्षा और वयस्कों को नशा एवं भिक्षावृत्ति छुड़वाकर स्वरोजगार से जोड़कर उनके जीवन में स्थाई बदलाव लाया गया है।

## गणतंत्र दिवस के मद्देनज़र इंदौर में सख्त सुरक्षा व्यवस्था



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख एवं संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। शहर में होने वाले विभिन्न आयोजनों को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों का भी जायजा लिया गया। पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए यह विशेष अभियान चलाया गया। उनके दिशा-निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में अति पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) श्री अमित सिंह एवं अति पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) श्री आर.के. सिंह के मार्गदर्शन में दिनांक 24 जनवरी 2025 को इंदौर पुलिस द्वारा बी.डी.डी.एस. टीम के साथ संयुक्त रूप से शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग की गई। इस दौरान रेलवे स्टेशन, सरवटे बस स्टैंड, गंगवाल बस स्टैंड, नेहरू स्टेडियम, राजवाड़ा, राधा स्वामी सत्संग स्थल, सेंट्रल मॉल सहित अन्य प्रमुख मॉल एवं शहर के महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर संदिग्ध वस्तुओं की गहन जांच की गई। पुलिस डॉग स्क्वॉड, एच.एच.एम.डी. जैसे आधुनिक उपकरणों की सहायता से सुरक्षा जांच की गई ताकि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या वस्तु पर समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# शराब का अवैध रूप से क्रय-विक्रय, परिवहन तथा भंडारण करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर में शराब का अवैध रूप से क्रय-विक्रय, परिवहन तथा भंडारण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही में अवैध मदिरा और एक दुपहिया वाहन को जप्त किया गया।

सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी ने बताया कि शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी है। उन्होंने बताया कि आबकारी विभाग के अमले द्वारा यह कार्रवाई वृत आंतरिक क्षेत्र 2 प्रभारी जया मुजाल्दे की टीम के द्वारा गश्त के दौरान बिना नंबर प्लेट की दुपहिया ज्यूपिटर स्कूटर को शंका के आधार पर पीछा करने पर रोका गया। वाहन की तलाशी लेने पर डिक्की में 50 पाव देशी मदिरा प्लेन और एक प्लास्टिक के बोरे में 100 पाव मसाला सहित कुल 3 पेटी बरामद की गई। जिसमें से कुल 27 बल्क लीटर अवैध भी जप्त की गई। अवैध मदिरा परिवहन करने वाले दुपहिया नीले रंग की टीवीएस ज्यूपिटर स्कूटर (बिना नंबर प्लेट के) वाहन को बरामद किया गया। मदिरा परिवहन करते हुए आरोपी आशुतोष जायसवाल पिता सुरेश जायसवाल निवासी- 446 नेहरू नगर इंदौर के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। मदिरा व वाहन का कुल बाज़ार मूल्य लगभग 80 हजार रुपये है।

# इंदौर में 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह सम्पन्न



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इंदौर में आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित यह जिला स्तरीय समारोह कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर अपना महत्वपूर्ण संदेश दिया और लोकतंत्र की मजबूती के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा किए जा रहे कार्यों और उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की पहचान अब वैश्विक स्तर पर भी हो रही है। उन्होंने युवाओं का आव्हान किया कि वे मतदान की प्रक्रिया से जरूर जुड़े और लोकतंत्र में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाये।

कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शिवम वर्मा ने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों और नव मतदाताओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप इंदौर जिले में बेहतर कार्य किए जा रहे हैं। हाल ही में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में भी इंदौर के मतदाताओं और संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों का उत्साहपूर्वक सहयोग रहा। इंदौर हमेशा से निर्वाचन संबंधी कार्यों में अव्वल ही रहा है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी तथा नवीन मतदाताओं को लोकतंत्र के प्रति आस्था रखने एवं निर्भीक होकर निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में जिले में मतदाता सूची के अद्यतन करने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिले के नये चयनित मतदाताओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अपर कलेक्टर तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नवजीवन विजय पंवार, सहायक उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत श्रीवास्तव, मुख्य प्रशिक्षक डॉ. आर.के. पाण्डे, निर्वाचन पर्यवेक्षक श्री अंतिम दुबे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन हेतु पंजीयन 7 फरवरी से 7 मार्च तक

## किसान निर्धारित समय पर करायें पंजीयन – खाद्य मंत्री श्री राजपूत

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये किसान पंजीयन प्रक्रिया का निर्धारण कर दिया गया है। किसान 7 फरवरी से 7 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि निर्धारित समय में पंजीयन करा लें, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो। उन्होंने बताया है कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। कुल 3186 पंजीयन केन्द्र बनाये गए हैं। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिये गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो गत वर्ष से 160 रूपये अधिक है।

पंजीयन की निन्शुल्क व्यवस्था- पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर की गई है।

पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था- पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है। इन केन्द्रों पर पंजीयन के लिये शुल्क राशि प्राप्त करने के संबंध में कलेक्टर निर्देश जारी करेंगे।

प्रति पंजीयन के लिये 50 रूपये से अधिक शुल्क निर्धारित नहीं किया जाएगा। किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज़ एवं किसान के आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान-पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा।

सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था ?द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। पूर्व वर्षों की किसी अपात्र संस्था में केन्द्र प्रभारी एवं ऑपरेटर को किसी अन्य संस्था में पंजीयन के लिए नहीं रखा जायेगा।

उपार्जित फसल के भुगतान हेतु बैंक खाता- किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में किसी कारण से समस्या उत्पन्न होने पर किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए बैंक खाते में भुगतान किया जा सकेगा। किसान पंजीयन के समय किसान को बैंक का नाम खाता नंबर और IFSC कोड की जानकारी उपलब्ध करानी होगी। अक्रियाशील बैंक खाते, संयुक्त बैंक खाते एवं फिनो, एयरटेल, पेटीएम, बैंक खाते पंजीयन में मान्य नहीं होंगे। पंजीयन व्यवस्था में बेहतर सेवा प्राप्त करने के लिए यह जरूरी होगा कि किसान अपने आधार नंबर से बैंक खाता और मोबाईल नंबर को लिंक कराकर उसे अपडेट रखें।

सभी जिला कलेक्टर्स को निर्देशित किया गया है कि जिला और तहसील स्तर पर स्थापित आधार पंजीयन केन्द्रों को क्रियाशील रखा जाए ताकि किसान वहां जाकर आसानी से अपना मोबाईल नंबर एवं बायोमेट्रिक अपडेट करा सकें। इस कार्य के लिए पोस्ट ऑफिस में संचालित आधार सुविधा केन्द्र का भी उपयोग किया जा सकता है। आधार नंबर से बैंक खाता लिंक कराने के लिए बैंकों के साथ भी समन्वय आवश्यक होगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते के सत्यापन हेतु पंजीयन के दौरान ही 1 रूपये का ट्रांजेक्शन मध्यप्रदेश राज्य आपूर्ति निगम द्वारा ई-उपार्जन/JIT पोर्टल के माध्यम से कराया जाएगा।

आधार नंबर का वेरिफिकेशन- पंजीयन कराने और फसल बेचने के लिए आधार नंबर का वेरिफिकेशन कराना अनिवार्य होगा। वेरीफिकेशन आधार नंबर से लिंक मोबाईल नंबर पर प्राप्त OTP से या बायोमेट्रिक डिवाईस से किया जा सकेगा।

किसान का पंजीयन केवल उसी स्थिति में हो सकेगा जबकि किसान के भू-अभिलेख के खाते एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होगा। भू-अभिलेख और आधार कार्ड में दर्ज नाम में विसंगति होने पर पंजीयन का सत्यापन तहसील कार्यालय से कराया जाएगा। सत्यापन होने की स्थिति में ही उक्त पंजीयन मान्य होगा।

किसानों को करें एसएमएस- विगत रबी एवं खरीफ के पंजीयन में जिन किसानों के मोबाइल नंबर उपलब्ध हैं, उन्हें एसएमएस से सूचित करने के निर्देश दिये गये हैं। गांव में डोडी पिटवाकर ग्राम पंचायतों के सूचना पटल पर पंजीयन सूचना प्रदर्शित कराने तथा समिति/ मंडी स्तर पर बैनर लगवाने के निर्देश भी दिये गये हैं। किसान पंजीयन की सभी प्रक्रियाएँ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये हैं।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मेरा युवा भारत, साइकिल रैली का किया गया आयोजन




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** लोकतंत्र को मजबूत बनाने और युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मेरा युवा भारत, इंदौर ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर "My Bharat, My Vote" थीम के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिला युवा अधिकारी श्री पंकज गोस्वामी ने बताया कि साई बाबा पब्लिक स्कूल से शुरू हुई इस रैली में लगभग 100 युवा शामिल हुए, जो 18 वर्ष की आयु पूरी कर वोट देने के लिए पात्र हैं। रैली का उद्देश्य युवाओं को उनके मताधिकार के महत्व से अवगत कराना और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। यह दिवस नागरिकों, विशेषकर युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने और यह संदेश देने के लिए मनाया जाता है कि एक-एक वोट देश की दिशा और दशा तय करने में अहम भूमिका निभाता है। मतदान न केवल अधिकार है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य भी है। साइकिल रैली के बाद माता जीजाबाई शासकीय महाविद्यालय में मतदाता शपथ कार्यक्रम, हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया और नए मतदाताओं का स्वागत एवं सम्मान करते हुए उन्हें फूल भेंट किए गए। इस आयोजन में लेखापाल श्री आशीष जैन, खेल विभाग की ब्लॉक समन्वयक सुश्री लीना श्रीवास, श्री अशोक यादव, सुश्री सीमा सहित अन्य सहयोगियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

# उप मुख्यमंत्री देवड़ा गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह 26 जनवरी रविवार को सुबह 9 बजे से नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। इस समारोह में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ध्वजारोहण करेंगे। इस गरिमामय समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समारोह में परेड के साथ विभिन्न विभागों द्वारा राज्य शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों और उपलब्धियों पर आधारित नयनाभिराम झांकियां निकाली जायेंगी। परेड का नेतृत्व परेड कमांडर सहायक पुलिस आयुक्त श्री कुन्दन मण्डलोई करेंगे। उनका अनुकरण टूआईसी सूबेदार श्री राजू सांवले करेंगे। परेड में आरएपीटीसी, प्रथम वाहिनी विशेष सशस्त्र बल (प्रथम बटालियन), 15वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल (पुरुष), जिला पुलिस बल (महिला) जिला होमगार्ड सशस्त्र, जिला यातायात पुलिस बल, एनसीसी एयर, एनसीसी आर्म्ड, एनसीसी गर्ल्स, शौर्य दल, स्काउट, गाइड, रेडक्रॉस, एसपीसी तथा सृजन दल आदि प्लाटून शामिल होंगे। साथ ही प्रथम वाहिनी का बैंड भी परेड में शामिल रहेगा। गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम ठीक 9 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ध्वजारोहण करेंगे। राष्ट्रीय गान होगा। मुख्य अतिथि परेड की सलामी लेंगे। विभिन्न प्लाटून आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत करेंगे। स्कूली बच्चे देश भक्ति गीतों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देंगे। मुख्य अतिथि जिले में वर्षभर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों और संस्थाओं को पुरस्कृत भी करेंगे।

सभी शासकीय कार्यालयों में भी होगा ध्वजारोहण- गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में ध्वजारोहण होगा। संभागायुक्त कार्यालय में सुबह 8 बजे संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ध्वजारोहण करेंगे। इसी तरह कलेक्टर श्री शिवम द्वारा सुबह 8 बजे ही कलेक्टर कार्यालय में ध्वजारोहण किया जाएगा।

# राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने किया प्रदर्शनियों का किया शुभारंभ

## लोकभवन में केन्द्रीय संचार ब्यूरो और जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने मध्यप्रदेश जनसंपर्क और केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा रविवार को लोकभवन में तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनियों का फीता खोलकर शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदर्शनियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अवलोकन किया और सराहना की। प्रदर्शनी में लगाए गए सेल्फी पाइंट में फोटो भी खिंचवाई। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, जनसंपर्क विभाग के आयुक्त श्री दीपक कुमार सक्सेना भी मौजूद थे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने जनसंपर्क विभाग द्वारा लोकभवन के जनजातीय प्रकोष्ठ परिसर में राजभवन से लोकभवन विषय पर लगाई गई आकर्षक प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने लोकभवन के ऐतिहासिक, लोकतांत्रिक और प्रशासनिक सफर की रचनात्मक प्रस्तुति के लिए विभाग की सराहना की और अधिकारियों को बधाई दी। इस प्रदर्शनी में मध्यप्रदेश के स्थापना से अब तक के सभी राज्यपालों के चित्र, उनके कार्यकाल और शपथ हस्ताक्षर पत्र दिखाए गए है।

भगवान बिरसा मुण्डा, आत्मनिर्भर भारत और वंदे मातरम् थीम पर आधारित प्रदर्शनी- राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने शुभारंभ अवसर पर केन्द्रीय संचार ब्यूरों भोपाल द्वारा आयोजित केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का अवलोकन किया। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरों भोपाल ने धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा के व्यक्तित्व एवं कृतत्व और आधारित चित्र प्रदर्शनी लगाई है। विकास प्रदर्शनी के तहत समृद्धि का मंत्र – आत्मनिर्भर भारत के तहत वीबी-जी रामजी योजना थीम पर आधारित आकर्षक एवं सूचनात्मक प्रदर्शनी लगाई गई है, जो नागरिकों को राष्ट्र निर्माण की विकास यात्रा से परिचित कराएगी। इसी प्रकार स्वतंत्रता का मंत्र वंदे मातरम् थीम पर आधारित राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गीत की ऐतिहासिक यात्रा और स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका को विस्तार से बताया गया है।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल का आयुक्त जनसंपर्क श्री दीपक कुमार सक्सेना ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। शुभारंभ कार्यक्रम में राज्यपाल के अपर सचिव श्री उमाशंकर भार्गव, केन्द्रीय संचार ब्यूरों के निदेशक श्री मनीष गौतम, उप निदेशक श्री शारिक नूर, सहायक निदेशक श्री पराग मांदले, श्री अजय प्रकाश उपाध्याय और लोकभवन, दूरदर्शन, आकाशवाणी एवं केन्द्रीय संचार ब्यूरो के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने तीन दिवसीय कला प्रदर्शनी का किया शुभारंभ



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने सृष्टि कलाकुंज कला संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कला प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रीतमलाल दुआ सभागृह के कलादीर्घा में किया। इस मौके पर पूर्व आईजी श्री महेन्द्र सिकरवार, पूर्व कलेक्टर श्री राकेश श्रीवास्तव, पूर्व ओ.एस.डी. श्री आनंद शर्मा, पूर्व डीआईजी एवं एडवोकेट श्री धर्मेन्द्र चौधरी, आयोजक श्रीमती वंदिता श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ चित्रकार श्री हरेन्द्र शाह विशेष रूप से उपस्थित रहे। संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि इस कला प्रदर्शनी के माध्यम से अच्छे कलाकारों को एक मंच मिलेगा।

इंदौर कलाप्रेमियों का शहर है और यहाँ इस तरह के आयोजन लगातार सम्पन्न होते हैं। सृष्टि कलाकुंज कला संस्थान द्वारा आयोजित इस कला प्रदर्शनी में कलाकारों ने अच्छा वर्क किया है जो दूर से ही दृष्टिगोचर होता है। इस मौके पर संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने सभी कलाकारों से उनकी प्रदर्शित पेन्टिंग के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही कला प्रदर्शनी का अवलोकन किया। आयोजक श्रीमती वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि सृष्टि कलाकुंज कला संस्थान द्वारा विगत 2 वर्ष से इंदौर के प्रगति पार्क बड़ियाकीमा बिचौली मर्दाना स्थित सुधा स्टूडियों में आयोजित किए जा रहे कला शिविर में सृजित पेंटिंग्स को यहाँ प्रदर्शित किया गया है।

# शामगढ़ पुलिस ने की अवैध शराब, मादक पदार्थ एवं एमडी ड्रग्स की धरपकड़





**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शामगढ़ थाना प्रभारी कपिल सौराष्ट्रीय एवं टीम ने नशे के खिलाफ धरपकड़ कर अवैध शराब, मादक पदार्थ डोडाचूरा एवं एमडी ड्रग्स पकड़ी है। तीन अलग अलग मामले हैं, जिनमें आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में अवैध हाथ भट्टी कच्ची जहरीली शराब 60 लीटर, 07 पेटी देशी शराब एवं 100 ग्राम मादक पदार्थ एमडीएमए व 01 किलो डोडाचूरा जब्ती में लिया गया है।

पहली घटना अनुसार 24 जनवरी को शामगढ़ पुलिस को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि डग जिला झालावाड तरफ से एकआई 20 कार से 02 व्यक्ति हाथ भट्टी कच्ची शराब लेकर शामगढ तरफ आ रहे है। इस पर अरमान खान पिता आमीन खान उम्र 22 वर्ष निवासी डग जिला झालावाड राजस्थान व जावेद पिता शराफत कुरेशी उम्र 26 वर्ष निवासी शामगढ के कब्जे वाली केन से कुल 60 लीटर अवेध हाथ भट्टी कच्ची जहरीली कीमती 6000 रुपये की जप्त की गई।

दूसरी घटना अनुसार 24 जनवरी को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की ब्रेजा कार में शराब भरकर एक व्यक्ति ग्राम बरखेडा नायक से निपानिया होते हुए ग्राम तरफ मेलखेडा तरफ आने वाला है। इस पर कच्चे रास्ते पर कार चालक रिन्कु पिता बंशीलाल प्रजापत उम्र 32 साल निवासी मधुर कालोनी शामगढ के कब्जे से 07 पेटी अवैध देशी शराब जप्त की गई।

तीसरी घटना अनुसार 24 जनवरी को चौकी चन्दवासा पुलिस को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक लाल काले रंग की बिना नम्बर की हीरो मोटरसायकल पर एक व्यक्ति एमडी पाउडर व डोडाचूरा लेकर मेलखेडा से चन्दवासा तरफ लेकर जाने वाला है। घटनास्थल रामखेडी निपानिया फन्टा तिराहे से आरोपी राजेश उर्फ रामलाल मेघवाल पिता गणेशराम मेघवाल उम्र 36 साल निवासी ग्राम बर्डिया अमरा थाना गरोठ से 100 ग्राम एमडीएमए पाउडर व एक किलोग्राम डोडाचूरा जप्त किया गया। प्रकरण में साथी फरार आरोपी दिलीप पिता दाणीसिंह सौधिया राजपूत निवासी पिपलिया मिठ्ठेशाह थाना गरोठ की तलाश की जा रही है। इन सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी शामगढ़ कपिल सौराष्ट्रीय, उनि मनोज महाजन, उनि रविन्द्र प्रताप डांगी, सउनि शारदा प्रसाद तिवारी, सउनि रुपसिंह झाला, प्रआर ममशाद नूर, प्रआर चतर सिंह देवडा, प्रआर धनपाल जाट, प्रआर सुरजपाल सिंह, प्रआर बहादुर सिंह, आऱ अनिल गुर्जर, आर विशाल सिंह चन्द्रावत, आर श्रीकृष्णा सिकरवार का योगदान रहा।

# विकासखंड स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश कार्यक्रम संपन्न



**रीवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश कार्यक्रम रीवा जनपद सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व महापौर वीरेंद्र गुप्ता ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी रश्मि गौतम , विशिष्ट अतिथि जन अभियान परिषद जिला समन्वयक जागेश्वर ताम्रकार एवं जिला महामंत्री उमाशंकर पटेल रहे । मुख्य अतिथि वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि आज हमें लोगों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग हेतु जागरूकता कार्यक्रम करना चाहिए और परिषद लोगों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग हेतु प्रेरित करे साथ ही नशा मुक्ति पर काम करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि नशा मुक्त समाज ही देश को आगे बढ़ा सकता है , हमे ऐसे कार्य करना चाहिए जिससे गांव का व्यक्ति गांव में रहे हमारा गांव मजबूत होगा तभी देश आगे बढ़ेगा ।

कार्यक्रम में स्वागत उदबोधन और विषय प्रवेश करते हुए जिला समन्वयक जागेश्वर ने बताया कि ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश कार्यक्रम जिला स्तर से ग्राम स्तर तक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा किया जा रहा है। इसमें लोगों को सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग, शिक्षा एवं संस्कार, नशामुक्त समाज, गौ संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम करके जागरूक किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि उमा पटेल द्वारा जन अभियान परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जन अभियान परिषद लोगों और समाज के बीच सेतु का कार्य कर रही है। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी रश्मि गौतम ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवाओं को उनके विचारों को आत्मसात करके समाज और राष्ट्र निर्माण में सहभागिता करनी चाहिए। उन्होंने अपने गांव में रह कर वहां सामाजिक कार्य करने के लिए प्रेरित किया और मेरा गांव मेरा तीर्थ पर काम करने के लिए कहा ।

## अफजलपुर पुलिस ने लोहे की पेटी में गेहूं के अंदर से पकड़ी 6 पेटी देशी मदिरा

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अफजलपुर थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह कनेश एवं टीम ने नशे के खिलाफ धरपकड़ कर 6 पेटी अवैध देशी शराब बरामद की है। घटना अनुसार 24 जनवरी को अफजलपुर पुलिस को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि अर्जुन सिंह डांगी निवासी अफजलपुर बायपास नई आबादी रोड पर बने बाडे पर लोहे की पेटी मे गेहूं के अंदर अवैध शराब की पेटियां छिपाई है।

त्वरित कार्यवाही करते हुए बाडे का दरवाजा खुला मिला। बाडे में कोई व्यक्ति नही था, जो बाडे मे रखी लोहे की पेटी में कलर की पेटिया व एक प्लास्टिक का कट्टा मिला। जिसको बाहर निकालते 02 पेटिया देशी प्लेन शराब व 04 पेटिया देशी मसाला मिली। फरार आरोपी अर्जुन डांगी पिता रामचन्द्र डांगी निवासी अफजलपुर की तलाश की जा

# मतदाता दिवस मनाया : कलेक्टर अदिति गर्ग ने दिलाई शपथ, सेल्फी प्वाइंट से ली सेल्फी




**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अदिति गर्ग के नेतृत्व में सुशासन भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर गर्ग ने जिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों, मतदाताओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नवयुवक-नवयुवतियों को फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र वितरित किए गए। साथ ही विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कलेक्टर अदिति गर्ग ने सभी को 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कहा कि मध्यप्रदेश के साथ-साथ मंदसौर जिले ने भी विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य गंभीरता एवं सहभागिता के साथ किया है। जिले में कई नवाचार किए गए और कार्य न्यूनतम समय में पूर्ण किया गया। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि यदि मतदाता सूची में किसी प्रकार की जानकारी अपूर्ण है तो उसे समय पर पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की शुरुआत मतदाता से होती है और 25 जनवरी का दिन इसी भावना का प्रतीक है।






















# सम्पादकीय

## नवीन संकल्पों के साथ नया आकाश

26 जनवरी गणतंत्र दिवस देश के लिए गौरवशाली दिवस है। लोकतंत्र निहित स्तंभों को द्विगुणित करता लोकतांत्रिक महापर्व गणतंत्र दिवस द्य आप सभी को अनंत बधाइयां एवं शुभकामनाएं। इस अवसर पर हमें नवीन संकल्पों के साथ नए-नए विकास और उत्थान के संकल्पों केंद्र निर्वाहन की शपथ भी लेनी होगी तब जाकर ही गणतंत्र दिवस मनाने की सार्थकता प्रमाणित हो पाएगी। आज ही के दिन स्वतंत्रता प्राप्ति के लगभग ढाई वर्ष बाद इसी ऐतिहासिक तिथि 26 जनवरी 1950 को स्वतंत्र भारत का संविधान लागू किया गया और भारत के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने प्रथम राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। तत्कालीन वायसराय राजगोपालाचारी जी ने विधिवत रूप से अपने समस्त अधिकार हस्तगत किए थे। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और महत्वपूर्ण सहयोगियों के द्वारा निर्मित भारत के संविधान को जारी करते हुए ही भारत प्रभुसत्ता संपन्न गणराज्य बन गया था। गणतंत्र का अर्थ ऐसी शासन व्यवस्था से है जिसमें सत्ता जनसाधारण में समाहित है। वैसे तो हमें 15 अगस्त 1947 को ही अंग्रेजों की दासता से मुक्ति मिली थी, किंतु इस स्वतंत्रता को वास्तविक अर्थ देते हुए प्रभुसत्ता संपन्न गणराज्य राष्ट्र घोषित 26 जनवरी 1950 को ही किया गया था। निसंदेह हैं यह हमारे लिए गौरवशाली दिवस है, एवं राष्ट्रीय पर्व भी है। इस दिन प्रत्येक भारतीय को देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का दिवस है। इस दिन हम सब को समझना होगा की आजादी खून बहा कर प्राप्त हुई है आसानी से नहीं मिली है। आजादी प्राप्त करने के लिए हजारों लाखों लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। प्राणों को न्यौछावर करने के बाद ही हमें प्रभुसत्ता संपन्न गणराज्य के रूप में में स्थापना मिली है। क्या भारतवासी हम सब आजादी के इस मूल्य और गणतंत्र या लोकतंत्र की भावना को अच्छे से समझते हैं, और इस राष्ट्र के विकास तथा देश का वैश्विक स्तर पर सिर ऊंचा करने का प्रयास कर रहे हैं, यह एक वैचारिक प्रश्न है। क्या हम लोकतंत्र और लोकतांत्रिक व्यवस्था की बारीकियों को समझते हैं या जिस आजादी की फिजा में हम सांस ले रहे हैं उसके महत्व को कितना समझ रहे हैं, एवं उसके प्रति कितनी श्रद्धा है। आजादी वीर जवानों के संघर्षों की ही देन है। हमारा गणराज्य या भारतीय लोकतंत्र हमेशा सलामत रहे। हमारे देश की सेना के वीर जवान सीमा पर सर्दी गर्मी लूट एवं अनेक विपरीत परिस्थितियों को सहते हुए भी हर पल दुश्मनों पर केवल इसलिए नजर रखते हैं कि हमारा गणतंत्र एवं हमारा लोकतांत्रिक गणराज्य सुरक्षित रह सके। हमें भी अपनी स्वतंत्रता एवं अखंडता को बनाए रखने के लिए संकल्प लेते हुए देश के विकास में हरसंभव योगदान देना चाहिए। महान संत रामतीर्थ ने कहा था कि ÷राष्ट्र के हित की रक्षा के लिए प्रयत्न करना विश्व की शक्तियों का यानी देवताओं की आराधना करना ही है÷। राष्ट्रीय एकता का यह पर्व हम सबको एवं सभी धर्मों को मिलजुल कर रहने एवं प्रेम भाईचारे का संदेश देता है। हमें हर संभव देश के स्वतंत्रता ,अखंडता और संप्रभुता बनाए रखने की शपथ लेनी चाहिए। हमें इस गणतंत्र दिवस पर नए संकल्प यानी नारी शक्ति की आराधना, बालिकाओं के समग्र विकास की परिकल्पना देश की हर संभव विकास की संभावनाओं को अग्रसर करना एवं सांप्रदायिक सौहार्द शांति अमन बनाए रखने में हर संभव एकजुट रहना होगा। यह सर्वविदित है की स्वतंत्रता के बाद से ही भारत ने विकास की नई शाखाएं विज्ञान, टेक्नोलॉजी, स्वास्थ्य, स्पेस रिसर्च एवं सामरिक महत्व के कई अविष्कारों पर अपनी प्रगति की छाप छोड़ी है। भारत में पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से देश में चहुमुखी विकास किया है। एवं विदेशों में भी भारतीय लोगों ने अपना परचम फैलाया है। वर्तमान समय में कोविड-19 के संक्रमण में भारत वासियों ने जिस एकजुटता एवं अपनी जिजीविषा का परिचय देकर इसे प्राप्त किया है वह निसंदेह काबिले तारीफ है। भारत सरकार ने न सिर्फ अपने देश के नागरिकों की रक्षा की है बल्कि विदेशों में गरीब लोगों के लिए दवाइयां एवं इंजेक्शन भी निर्यात किए हैं। गणतंत्र दिवस में हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम धार्मिक आडंबर, अंधविश्वास एवं शिक्षा को देश से समूल नष्ट कर बाहर फेंकने का काम करेंगे। स्त्रियों बालिकाओं को उचित सम्मान देकर उनकी शिक्षा उनके सम्मान एवं उनकी सहभागिता को उचित महत्व देकर आगे बढ़ाएंगे। गणतंत्र दिवस को नई कल्पना नई ऊंचाइयों को छूने के संकल्प के साथ मनाना होगा। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस को एक औपचारिक समारोह के रूप में ना मनाकर नई प्रतिज्ञा, नई शपथ और विकास की ऊंचाइयों को छूने का दृढ़ संकल्प लेना होगा। स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए जिन महान संत संग्राम सेनानियों ने और नागरिकों ने अपने प्राणों की आहुति दी है उनको नमन एवं श्रद्धांजलि देते हुए हम नए संकल्प के साथ कि भारत को नई ऊंचाइयों में पहुंचा कर विश्व गुरु

## हंसा चक्र की जागृति मंगलमयता की अभिव्यक्ति का स्रोत है



हम जानते हैं कि हमारे सूक्ष्म शरीर में सात मुख्य चक्र होते हैं परन्तु इनके अतिरिक्त अन्य चक्र भी हैं जो हमें संतुलन प्रदान करने में सहायक होते हैं। इन्हीं में से एक है हंसा चक्र।

हंसा चक्र दोनों भृकुटियों के मध्य में स्थित है। ये दोनों आँखों बाई तथा दाई ओर का द्योतक हैं। ...... कुण्डलिनी को विराट से सम्पर्क स्थापित करने के लिये हंसा चक्र से गुज़रना पड़ता है। हंसा चक्र पर ईड़ा और पिंगला के कुछ भाग की अभिव्यक्ति होती है। इसका अर्थ ये हुआ कि ईड़ा और पिंगला की अभिव्यक्ति हंसा चक्र के माध्यम से होती है। तो हंसा चक्र वह चक्र है जो यद्यपि आज्ञा चक्र तक नहीं गया फिर भी जिसने इन दोनों नाड़ियों के कुछ सूत्र या कुछ भाग थामे हुए हैं और ये सूत्र नाक की ओर प्रवाहित होने लगते हैं, आपकी आँखों से, मुँह से और मस्तिष्क के माध्यम से इनकी अभिव्यक्ति होने लगती है। आप जानते हैं कि विशुद्धि चक्र की सोलह पंखुड़ियों हैं जो आँख, नाक, जिह्वा, गला और दाँतों की देखभाल करती हैं परन्तु इनकी अभिव्यक्ति का काम हंसा चक्र के माध्यम से होता है।

हंसा चक्र जाग्रत होने पर सद्- सद् विवेक विकसित होता है। संस्कृत का एक सुन्दर श्लोक है कि हंस और बगुला दोनों श्वेत पक्षी हैं, तो दोनों में अन्तर क्या है? यदि दूध में पानी मिला हो तो हंस उसमें से दूध पी जाएगा और पानी को छोड़ देगा परन्तु बगुले को दूध तथा पानी अलग करने का विवेक नहीं है। हंसा चक्र हमारी चेतना में मंगलमयता की अभिव्यक्ति का केन्द्र बिन्दु है। इसका अभिप्राय यह है कि हंसा चक्र के जाग्रत स्थिति में होने पर हम तुरन्त जान जाते हैं कि शुभ क्या है और क्या अशुभ है। हमें दैवी विवेक प्राप्त हो जाता है।

आत्मा के प्रकाश की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति इसी हंसा चक्र के द्वारा होती है। हंसा चक्र में चमकने वाला आपकी आत्मा का प्रकाश आपको विवेक प्रदान करता है तो आपमें स्वतः ही अनुभव की बुद्धि आ जाती है और आप जान जाते हैं कि ठीक रास्ता कौन सा है। एक बार जब यह बुद्धि पारदर्शी हो जाती है और आप इसमें से हर चीज़ स्पष्ट देखने लगते हैं तो आपका मस्तिष्क भी पूर्णतया स्वच्छ हो जाता है।

आँखें तथा कान अब पूरे वातावरण में ऐसी अनुक्रिया प्रसारित करने लगते हैं कि आप केवल सुन्दर को ही ग्रहण करते हैं। एक बार जब आप ऐसा करना सीख जाते हैं तब आप कहते हैं हम आनन्द सागर में तैर रहे हैं। सागर तो वही है, पर अब आप उसके अन्दर की अमृत की सुन्दर बूँदों को प्राप्त कर लेते हैं और अन्य लोग डूबने से डरते रहते हैं। यही संसार है। इसी कारण लोग कहते हैं कि यह माया है, पर विवेक बुद्धि में माया नहीं रह जाती। हंसा चक्र के कार्यान्वित होने पर ही उत्थान संभव है। जब तक आपका हंसा चक्र कार्यान्वित नहीं होता, तब तक आपका आनन्द प्राप्त करना सम्भव नहीं। इस विश्वास के साथ कि इन बन्धनों को त्यागने में ही हमारा हित है, इनसे यदि हम छुटकारा पा लें तो आज्ञा चक्र खुल जाता है।

हंसा चक्र का महानतम कार्य ... यह है कि यह आपके पूर्व कर्मफल को समाप्त करता है। पूर्व-कृत अपराध फल के भय से मुक्ति देता है । कीचड़ में जन्मे कमल की तरह आप सुन्दर होंगे और पूरे विश्व में सुन्दर सुगन्ध बिखरेंगे जब आपका हंसा चक्र जाग्रत हो जाएगा।

# अमेरिकी दबाव के बीच भारतीय बजट की बड़ी परीक्षा

भारतीय अर्थव्यवस्था इस समय इतिहास के एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर खड़ी दिखाई देती है, जहां वैश्विक राजनीति, व्यापारिक नीतियां और राष्ट्रीय हित आपस में गहराई से उलझ गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए आक्रामक टैरिफ़ ने विश्व व्यापार व्यवस्था की स्थिरता को चुनौती दी है। अगस्त 2025 में भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ़ केवल शुल्क वृद्धि नहीं, बल्कि एक स्पष्ट राजनीतिक और आर्थिक संदेश हैं। इस पृष्ठभूमि में बजट 2026 साधारण वार्षिक प्रक्रिया न रहकर भारत की आर्थिक दिशा तय करने वाला ऐतिहासिक दस्तावेज बनने की ओर बढ़ रहा है।

ट्रंप टैरिफ़ का प्रभाव भारतीय निर्यात के लिए गहरी चिंता का विषय बन चुका है। उपभोक्ता वस्तुएं, वस्त्र, रसायन, ऑटो कलपुर्जे और खुदरा उत्पाद जैसे क्षेत्र सीधे तौर पर इन शुल्कों की मार झेल रहे हैं। बढ़ी हुई लागत के कारण भारतीय उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धा खो सकते हैं। यह स्थिति केवल व्यापार घाटे तक सीमित नहीं रहती, बल्कि उत्पादन, रोजगार और निवेश पर भी नकारात्मक असर डालने की क्षमता रखती है। ऐसे में बजट 2026 से अपेक्षा है कि वह इस दबाव को अवसर में बदलने की स्पष्ट रणनीति प्रस्तुत करे।

वैश्विक स्तर पर ट्रंप टैरिफ़ संरक्षणवाद की उस नई लहर का प्रतीक हैं, जिसमें मुक्त व्यापार की अवधारणा धीरे-धीरे पीछे हटती दिख रही है। अमेरिका अपने घरेलू उद्योगों को प्राथमिकता देकर अंतरराष्ट्रीय नियमों को पुनर्परिभाषित कर रहा है। भारत के लिए यह संकेत स्पष्ट है कि अब केवल पारंपरिक व्यापार साझेदारों पर निर्भर रहना जोखिम भरा हो सकता है। बजट 2026 के माध्यम से भारत को यह संदेश देना होगा कि वह बदलती वैश्विक व्यवस्था में केवल अनुकूलन ही नहीं, बल्कि नेतृत्व करने की क्षमता भी रखता है।

निर्यात विविधीकरण इस पूरे विमर्श का सबसे मजबूत स्तंभ बनकर उभरता है। वर्षों से भारतीय निर्यात कुछ सीमित बाजारों पर केंद्रित रहा है, जिससे किसी एक झटके का असर व्यापक हो जाता है। ट्रंप टैरिफ़ ने इसी कमजोरी को उजागर किया है। अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, पश्चिम एशिया और यूरोप के उभरते बाजार भारत के लिए नए अवसर प्रस्तुत करते हैं। बजट 2026 में यदि विशेष निर्यात प्रोत्साहन, बाजार-विशेष रणनीतियां और लॉजिस्टिक समर्थन शामिल किए जाते हैं, तो भारतीय निर्यात नई दिशा पकड़ सकता है।

टैरिफ़ का प्रभाव रोजगार पर भी गहरा पड़ सकता है। निर्यात आधारित उद्योगों में मांग घटने से उत्पादन में कटौती और नौकरियों में कमी का खतरा बढ़ गया है। छोटे और मध्यम उद्योग, जो पहले से ही सीमित संसाधनों पर निर्भर हैं, सबसे अधिक प्रभावित हो सकते हैं। हालांकि भारत की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से घरेलू मांग पर आधारित है, फिर भी निर्यात क्षेत्र लाखों लोगों को रोजगार प्रदान करता है। बजट 2026 में रोजगार संरक्षण और सृजन के लिए लक्षित उपाय इस चुनौती का प्रभाव कम कर सकते हैं।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के लिए यह बजट केवल वित्तीय संतुलन साधने का अभ्यास नहीं, बल्कि आर्थिक आत्मरक्षा की रणनीति गढ़ने का अवसर है। नीति विशेषज्ञों की राय है कि गैर-टैरिफ़ बाधाओं को हटाना, नियामक प्रक्रियाओं को सरल बनाना और नीति स्थिरता सुनिश्चित करना समय की सबसे बड़ी मांग है। विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को आकर्षित करने के लिए स्पष्ट नियम और तेज निर्णय प्रक्रिया आवश्यक है। बजट 2026 यदि इस दिशा में ठोस संकेत देता है, तो भारत वैश्विक निवेश मानचित्र पर और मजबूत स्थिति बना सकता है।

घरेलू मांग को सशक्त बनाना ट्रंप टैरिफ़ के प्रभाव को कम करने का सबसे प्रभावी उपाय माना जा रहा है। जब देश का आंतरिक बाजार मजबूत होता है, तब बाहरी झटके सीमित प्रभाव डाल पाते हैं। मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति बढ़ाने के लिए आयकर राहत, उपभोग को बढ़ावा देने वाले कदम और अप्रत्यक्ष कर सुधार बजट 2026 की प्राथमिकताओं में शामिल हो सकते हैं। इससे न केवल खपत बढ़ेगी, बल्कि उद्योगों को स्थिर और विश्वसनीय मांग का आधार भी मिलेगा।

उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाएं इस रणनीति की केंद्रीय धुरी बन सकती हैं। घरेलू विनिर्माण को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप बनाने के लिए तकनीक, पूंजी और नवाचार का संगठित विकास आवश्यक है। बजट 2026 में इन योजनाओं के विस्तार से आयात निर्भरता घटेगी और घरेलू उत्पादन को नई गति मिलेगी। इससे भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि प्रभावशाली उत्पादक की भूमिका निभा सकेगा।

ऊर्जा आयात और कच्चे माल की निर्भरता भी ट्रंप टैरिफ़ के संदर्भ में एक संवेदनशील मुद्दा है। रूसी तेल आयात को लेकर अमेरिकी आपत्तियों ने भारत के सामने कूटनीतिक और आर्थिक संतुलन की चुनौती खड़ी कर दी है। संकेत मिले हैं कि आयात नीति में समायोजन से शुल्क राहत संभव हो सकती है। बजट 2026 में ऊर्जा स्रोतों के विविधीकरण और आत्मनिर्भर ऊर्जा नीति पर जोर देकर भारत अपने दीर्घकालिक हितों की रक्षा कर सकता है।

आधारभूत संरचना में निवेश किसी भी आर्थिक रणनीति की रीढ़ होता है। सड़क, रेल, बंदरगाह, ऊर्जा और डिजिटल ढांचे में निवेश से उत्पादकता बढ़ती है और रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। बजट 2026 में यदि इन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया, तो यह न केवल तात्कालिक आर्थिक गतिविधियों को गति देगा, बल्कि दीर्घकालिक विकास को भी मजबूती प्रदान करेगा। यह निवेश भारत को वैश्विक अनिश्चितताओं से सुरक्षित रखने में सहायक होगा।

शिक्षा और कौशल विकास पर खर्च भी इस बजट का एक महत्वपूर्ण आयाम हो सकता है। बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था में वही देश टिकाऊ प्रगति करते हैं, जिनके पास कुशल और अनुकूलनशील मानव संसाधन होता है। बजट 2026 में नई तकनीकों, डिजिटल कौशल और नवाचार को बढ़ावा देने वाले प्रावधान भारत के युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार कर सकते हैं। यह निवेश भविष्य की आर्थिक सुरक्षा का मजबूत आधार बनेगा। बजट 2026 ट्रंप टैरिफ़ से उत्पन्न दबाव को अवसर में बदलने का निर्णायक मंच साबित हो सकता है। निर्यात विविधीकरण, घरेलू मांग की मजबूती, निवेश प्रोत्साहन और संरचनात्मक सुधार मिलकर भारत को नई आर्थिक ऊंचाइयों तक ले जाने की क्षमता रखते हैं। यह बजट केवल संकट प्रबंधन का दस्तावेज नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर, सशक्त और वैश्विक रूप से प्रभावशाली भारत की स्पष्ट घोषणा बन सकता है। यदि बड़े, साहसिक और दूरदर्शी ऐलान हुए, तो बजट 2026 आने वाले वर्षों के लिए आर्थिक दिशा निर्धारित करने वाला ऐतिहासिक पड़ाव सिद्ध होगा।

**-प्रो. आरके जैन**

## संविधान के प्रति राजनीतिक जागरूकता पर्याप्त नहीं, स्वाभिमान के रूप में करना चाहिए स्वीकार

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। ब्रिटिश आधिपत्य से स्वाधीनता के समय भारत के नेतृत्व ने भावी पीढ़ियों के शासन-प्रशासन हेतु एक संविधान का निर्माण किया। दो वर्ष, 11 महीने और 18 दिन तक संविधान सभा की बैठकें हुईं। उसके परिणामस्वरूप हमें विश्व का विशालतम संविधान प्राप्त हुआ।

नौ दिसंबर 1946 से प्रारंभ कर 26 नवंबर 1949 तक हमारे संविधान निर्माताओं ने भारत के राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक जीवन के विभिन्न आयामों पर वृहद विचार विमर्श किया। उन्होंने विश्व के अनेक विद्यमान संविधानों का भी गहन अध्ययन किया और भारत के संविधान में संसार भर के संविधानों के श्रेष्ठ और स्वीकार्य तत्व सम्मिलित किए गए। इस प्रकार भारत का संविधान ऐसा अभिलेख बन गया जो विश्व की श्रेष्ठतम लोकतांत्रिक संस्थाओं और परंपराओं का सहज समावेश करता है।

भारतीय संविधान की निर्मिति में संलग्न लगभग 300 व्यक्तियों की ओर दृष्टिपात करें तो यह ध्यान में आता है कि तत्कालीन भारत की श्रेष्ठतम मेधा, मनीषा, प्रतिभा संविधान सभा में उपलब्ध थी। वह संविधान सभा अनेक विचारधाराओं, क्षेत्रों, मतावलंबियों, भाषा-भाषियों, आजीविकाओं, समुदायों, संप्रदायों, राज-व्यवस्थाओं और रुचियों का प्रतिनिधित्व करती थी। वहां राजनेता, साहित्यकार, लेखक, उपन्यासकार, दार्शनिक, वकील, चिकित्सक, किसान, आदिवासी सभी प्रकार के व्यक्ति थे। उन सबने लगभग प्रत्येक शब्द, प्रत्येक अनुच्छेद, प्रत्येक संस्था और प्रत्येक नियम-विधि पर गहन और गंभीर वाद विवाद भी किया। इसका ही परिणाम हुआ कि भारतीय संविधान अपनी प्रस्तावना में ही अपने दार्शनिक मूल्यों और व्यावहारिक आधार की स्पष्ट उद्घोषणा करता है। वह एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न लोकतांत्रिक गणराज्य की स्थापना का उद्घोष करता है।

कालांतर में 1976 में आंतरिक आपातकाल में यहां पंथनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द भी जोड़ दिए गए। यह संविधान भारत के समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के साथ-साथ विचार अभिव्यक्ति, आस्था, विश्वास तथा उपासना की स्वतंत्रता तथा स्तर और अवसर की समानता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह संविधान भारत के नागरिकों में आपसी बंधुता बनाए रखने को कटिबद्ध है। यह भारत की राष्ट्रीय एकता और अक्षुण्णता बनाने के लिए संकल्पित है।

भारतीय संविधान अपने चरित्र में कठोरता और नमनीयता के सम्मिश्रण से युक्त है। वह समकालीनता की अपेक्षाओं और परिवर्तनशील युगीन आकांक्षाओं के अनुरूप स्वयं को रूपांतरित करने में सक्षम है। वह अनेक प्रविधानों और उपबंधों के रूप में सामाजिक परिवर्तन का प्रमुखतम संवाहक भी बन गया है। वह भारत के प्रशासनिक नियमन का मुख्यतम स्रोत तथा आधार है।

**-धनंजय राजौरा**

# सीमाओं पर सैनिक और सड़कों पर नागरिक- दोनों का कर्तव्य ही राष्ट्र सेवा है

माँ तुझे सलामज यह गीत जैसे ही सुनाई देता है, प्रत्येक भारतीय के हृदय में देशप्रेम की भावना हिलोरे मारने लगती है। मन गर्व से भर उठता है और ऐसा प्रतीत होता है मानो यह देश ही हमारा सर्वस्व हो। उस क्षण लगता है कि भारत के लिए हम अपना सब कुछ न्योछावर कर सकते हैं। आँखें नम हो जाती हैं, सीना चौड़ा हो जाता है और आत्मा राष्ट्र के प्रति समर्पण से भर उठती है।

परंतु यह भावनात्मक ज्वार अधिक देर तक नहीं टिकता। जैसे ही गीत समाप्त होता है और हम उस वातावरण से बाहर निकलते हैं, हम फिर से अपने निजी स्वार्थों, सुविधाओं और भौतिक जीवन की दौड़ में लौट जाते हैं।

हम भूल जाते हैं उन लाखों शहीदों को जिन्होंने भारत माता को स्वतंत्र कराने के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। कोई हँसते-हँसते फाँसी के फंदे पर झूल गया, किसी ने जेलों की अमानवीय यातनाएँ सह लीं, किसी ने अपना पूरा परिवार, अपनी जवानी और अपने सपने देश के लिए बलिदान कर दिए।

हम भूल जाते हैं उन वीर सैनिकों को जो आज भी देश की सीमाओं पर तैनात हैं—भीषण सर्दी, प्रचंड गर्मी, वर्षा और दुर्गम परिस्थितियों की परवाह किए बिना—ताकि हम देश के भीतर सुरक्षित और निश्चिंत जीवन जी सकें।

हम भूल जाते हैं भारत माता की उस पावन मिट्टी को जहाँ हमने जन्म लिया, खेला-कूदा और आज स्वतंत्र होकर सांस ले रहे हैं।

आज का मानव केवल अपने स्वार्थ और भौतिक सुखों के पीछे भाग रहा है। उसे देश से कोई सीधा सरोकार नहीं दिखाई देता। उसे बस सुविधाएँ चाहिए—चाहे वे जैसे भी प्राप्त हों। इन्हीं सुविधाओं की पूर्ति के लिए आज मनुष्य ठगी, बेईमानी, मिलावट और भ्रष्टाचार जैसे काले धंधों में संलिप्त होता जा रहा है। नैतिकता, ईमानदारी और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे मूल्य धीरे-धीरे हमारे व्यवहार से गायब होते जा रहे हैं।

आज का नागरिक केवल अपने अधिकारों की बात करता है।

वह बार-बार पूछता है— देश ने मुझे क्या दिया?

लेकिन शायद ही कभी यह प्रश्न करता है— मैंने देश को क्या दिया?

यदि हम अपने दैनिक जीवन पर ईमानदारी से दृष्टि डालें, तो सच्चाई स्वयं सामने आ जाती है। जब हम सड़कों का प्रयोग करते हैं, तो क्या हम यातायात नियमों का पालन करते हैं? चाहे हम पैदल हों या वाहन में, हम चलते-फिरते केले के छिलके, मूंगफली या अन्य कचरा सड़क पर फेंक देते हैं। क्या कभी हमने सोचा है कि यह किसी के लिए जानलेवा भी हो सकता है? कोई व्यक्ति फिसल कर गंभीर रूप से घायल हो सकता है, कोई मोटरसाइकिल सवार दुर्घटना का शिकार हो सकता है।

हम अपने लिए हर सुख-सुविधा का उपयोग करते हैं—एयर कंडीशनर में रहना, एयर कंडीशनर में चलना—पर बदले में देश को क्या देते हैं? बढ़ता हुआ प्रदूषण।

आज प्रदूषण केवल समस्या नहीं, बल्कि हमारी आदत बन चुका है।

ध्वनि प्रदूषण फैलाने में आज की युवा पीढ़ी के कुछ युवाओं का कोई मुकाबला नहीं। साइलेंसर रहित मोटरसाइकिलों की कर्कश आवाज़, पटाखों जैसी धमक लोगों को भयभीत कर देती है। कई बार ऐसा प्रतीत होता है मानो गोली चल गई हो। कमजोर हृदय वाले व्यक्तियों के लिए यह स्थिति अत्यंत घातक हो सकती है।

यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है—क्या इस प्रकार के कृत्य करने वाला व्यक्ति स्वयं को देशभक्त कहने का अधिकार रखता है?

आजकल कांवड़ यात्रा के दौरान अनेक युवा भारत माता के तिरंगे झंडे को बड़े सम्मान और गर्व के साथ लेकर चलते हैं। यह निस्संदेह एक सराहनीय और सकारात्मक पहल है, क्योंकि हमारे लिए तिरंगे से बढ़कर कुछ भी नहीं है।

परंतु जब यही युवा यातायात नियमों की खुलेआम अवहेलना करते हैं, सड़क सुरक्षा को खतरे में डालते हैं और दूसरों के जीवन को जोखिम में डालते हैं, तब यह सोचने की आवश्यकता होती है कि क्या यही देशप्रेम है?

तो फिर प्रश्न उठता है—देशभक्ति वास्तव में है क्या - क्या केवल देशभक्ति के गीत सुन लेना, नारे लगा देना या झंडा थाम लेना ही देशप्रेम कहलाता है?

सच्चाई यह है कि देशभक्ति का वास्तविक अर्थ है—अपने कर्तव्य को पूरी ईमानदारी, अनुशासन और निष्ठा से निभाना।

सीमा पर खड़ा जवान अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहा है, इसलिए वह सच्चा देशभक्त है।

सड़क के चौराहे पर खड़ा पुलिसकर्मी जब यातायात को सुरक्षित रूप से संचालित करता है, तब वह भी अपने कर्तव्य के माध्यम से देश की सेवा कर रहा होता है।

एक शिक्षक ईमानदारी से पढ़ाकर, एक चिकित्सक निष्ठा से उपचार करके, एक कर्मचारी ईमानदारी से अपना काम करके भी देशभक्ति निभा सकता है।

यदि देश का प्रत्येक नागरिक अपने-अपने दायित्वों को इसी भावना से निभाए, तो वह दिन दूर नहीं जब भारत विश्व के अग्रणी देशों में प्रथम स्थान प्राप्त करेगा।

यह देश केवल भूमि का टुकड़ा नहीं है। यह गुरु-पीर-फकीरों, ऋषि-मुनियों और महापुरुषों का देश है। गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज जैसे महापुरुषों ने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया, किंतु देश की आन, बान और शान को कभी झुकने नहीं दिया।

आज भारत स्वतंत्र है।

अब देश को बलिदान की नहीं, बल्कि जागरूक, जिम्मेदार और संस्कारी नागरिकों की आवश्यकता है।

आज आवश्यकता है अपने सोए हुए ज़मीर को जगाने की, अपनी महान संस्कृति और सभ्यता को समझने की—जिसका लोहा आज पूरा विश्व मान चुका है।

हमें कहीं बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। हमें अपने धर्मग्रंथों, अपनी परंपराओं और अपने संस्कारों का अध्ययन करना चाहिए, ताकि हमारे भीतर नैतिकता, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत हो सके।

अक्सर लोग मुझसे कहते हैं कि वे समाज सेवा करना चाहते हैं।

मैं उनसे सरल शब्दों में कहता हूँ—समाज सेवा अपने घर से प्रारंभ करें।

**-डॉ. अशोक कुमार वर्मा**

# भारत का 77वाँ गणतंत्र दिवस : संविधान, उपलब्धियाँ और चुनौतियाँ

26 जनवरी 1950 वह दिन है जब भारत का संविधान लागू हुआ था और इसी दिन भारत एक गणतंत्र राष्ट्र बना। इससे पूर्व 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को अंगीकार किया गया था। इस बार अर्थात् वर्ष 2026 में भारत अपना 77वाँ गणतंत्र दिवस मनाने जा रहा है। दूसरे शब्दों में कहें तो 26 जनवरी 1950 वह ऐतिहासिक दिन था जब भारत एक संप्रभु, समाजवादी, लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष गणराज्य के रूप में विश्व पटल पर स्थापित हुआ। गणतंत्र (रि-पब्लिक) का अर्थ है-एक ऐसी शासन व्यवस्था, जिसमें सत्ता का स्रोत जनता होती है और सरकार लोकतांत्रिक प्रक्रिया द्वारा चुनी जाती है। गणतंत्र में शासन का सर्वोच्च पद प्राचीनकाल की भांति किसी राजा या महाराजा के पास नहीं होता, बल्कि इसमें संविधान ही सर्वोपरि होता है। वास्तविक अर्थों में, गणतंत्र का मतलब यही है कि संविधान वह मूल कानून है, जो नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों को निर्धारित करता है। सरल शब्दों में कहा जाए तो गणतंत्र वह व्यवस्था है, जहाँ जनता का शासन कानून और संविधान के माध्यम से चलता है। संविधान का अर्थ है-देश का सर्वोच्च कानून, जिसके ऊपर कोई व्यक्ति, सरकार या संस्था नहीं होती। यही कारण है कि संविधान को देश को चलाने वाली नियम-कानूनों की सर्वोच्च पुस्तक कहा जाता है।

पाठकों को जानकारी होगी कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। यह स्पष्ट करता है कि देश कैसे चलेगा, सरकार कैसे बनेगी और कैसे कार्य करेगी, नागरिकों के मूल अधिकार और कर्तव्य क्या होंगे तथा देश में न्याय, समानता और स्वतंत्रता कैसे सुनिश्चित की जाएगी। यह कहना ग़लत नहीं होगा कि जिस देश में संविधान सुरक्षित है, वहाँ लोकतंत्र भी सुरक्षित रहता है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि भारतीय संविधान के निर्माणकर्ता और संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर थे तथा भारतीय संविधान का मूल आधार लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, न्याय, समानता और स्वतंत्रता है।

गणतंत्र दिवस 2026 की मुख्य थीम व उपलब्धियां- इस वर्ष गणतंत्र दिवस 2026 की मुख्य थीम '150 वर्ष ¬ वंदे मातरम' रखी गई है। अर्थात् इस बार देश के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम्% की रचना के 150 वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया जा रहा है। यह थीम बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ को सम्मान देती है, जो हमारे देश की संस्कृति, इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम की भावना को अभिव्यक्त करती है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2026 के समारोह की दूसरी महत्वपूर्ण थीम 'विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत' है, जिसका उद्देश्य वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को प्रदर्शित करना है। इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड की एक विशेष उपलब्धि यह है कि पहली बार यूरोपीय संघ के शीर्ष नेताओं को संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा तथा यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन इस अवसर पर भारत आएंगे। यह आमंत्रण भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) संबंधों की बढ़ती मजबूती का प्रतीक है। यूरोपीय संघ यूरोप के 27 देशों का एक आर्थिक-राजनीतिक समूह है, जो आपसी सहयोग, व्यापार, अर्थव्यवस्था, शांति, लोकतंत्र, मानवाधिकारों और सीमा-रहित यात्रा जैसे विषयों पर साझा निर्णय लेता है। गणतंत्र दिवस 2026 की एक और खास बात यह है कि भारतीय सेना पहली बार कर्तव्य पथ पर एक नया 'बैटल ऐरे फॉर्मेशन' प्रस्तुत करेगी। इसके साथ ही दर्शक दीर्घाओं के नाम अब नेताओं के बजाय भारत की प्रमुख नदियों के नाम पर रखे गए हैं, जो वीवीआईपी संस्कृति के अंत और जन-प्रधान लोकतंत्र की भावना को दर्शाता है।

उभरती हुई अर्थव्यवस्था है भारत¬ बहरहाल, आज भारत वैश्विक मंच पर लगातार उभरती हुई एक बड़ी शक्ति बन चुका है। वर्तमान में भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। जनवरी 2026 के ताज़ा आँकड़ों के अनुसार, भारत ने नॉमिनल जीडीपी के मामले में जापान को पीछे छोड़ते हुए यह गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया है। भारत की अर्थव्यवस्था लगभग 4.18 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के पार पहुँच चुकी है और यह दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बनी हुई है। क्रय शक्ति समानता (पीपीपी) के आधार पर भारत पहले से ही विश्व में तीसरे स्थान पर है। अब भारत का अगला लक्ष्य जर्मनी को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनना है, जिसके 2027-28 तक साकार होने की पूरी संभावना है। यह आर्थिक प्रगति मज़बूत घरेलू उपभोग, बुनियादी ढाँचे में भारी निवेश और डिजिटल क्रांति के कारण संभव हुई है।

गणतंत्र के समक्ष विद्यमान प्रमुख चुनौतियां- हालाँकि, 76 वर्ष पूरे करने के बावजूद आज भारतीय गणतंत्र के समक्ष कई गंभीर चुनौतियाँ भी मौजूद हैं। वास्तव में कोई भी गणतंत्र तभी जीवित रहता है जब उसके नागरिक जागरूक और सजग हों। यह अत्यंत चिंताजनक है कि वर्तमान समय में हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों का क्षरण होता जा रहा है। संवाद, सहमति और असहमति की स्वस्थ परंपरा कमजोर पड़ रही है। मतभेद को देशद्रोह और आलोचना को विरोध मानने की प्रवृत्ति किसी भी लोकतंत्र के लिए घातक है। यह बहुत दुखद है आज संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगाए जा रहे हैं। न्यायपालिका, विधायिका, कार्यपालिका और मीडिया जैसी संस्थाओं पर दबाव और पक्षपात के आरोप गणतंत्र की नींव को चुनौती देते हैं। धर्म, जाति, भाषा और विचारधारा के आधार पर बढ़ता सामाजिक ध्रुवीकरण राष्ट्रीय एकता और भाईचारे को कमजोर करता है।

नागरिक अधिकारों और स्वतंत्रताओं पर दबाव, राजनीति का अपराधीकरण, धनबल का बढ़ता प्रभाव, मीडिया और सोशल मीडिया की चुनौतियाँ-जैसे फेक न्यूज़, ट्रोल संस्कृति और प्रोपेगैंडा भी लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरे हैं। इसके साथ ही अमीर और गरीब के बीच बढ़ती खाई, सामाजिक न्याय की चुनौतियाँ और नागरिक कर्तव्यों-जैसे मतदान, कर भुगतान, पर्यावरण संरक्षण और संवैधानिक मर्यादा-के प्रति बढ़ती उदासीनता गणतंत्र को कमजोर करती है।आर्थिक दृष्टि से भी चुनौतियाँ बनी हुई हैं। हालिया रिपोर्टों के अनुसार घरेलू बचत में कमी आई है, परिवारों की बचत घट रही है और कर्ज पर निर्भरता बढ़ी है, जो आर्थिक स्थिरता के लिए चिंता का विषय है। आवश्यकता इस बात की है कि आर्थिक असमानता कम की जाए और मध्यम वर्ग के लिए शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और सस्ता बनाया जाए। राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक चुनौतियों की बात करें तो सीमा विवाद-विशेषकर चीन और पाकिस्तान के साथ-साइबर सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषय आज गणतंत्र के सामने बड़े और अहम मुद्दे हैं।

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि आज गणतंत्र को सबसे अधिक आवश्यकता संविधान के अक्षरों को ही नहीं, बल्कि उसकी आत्मा को समझने और जीने की है। सजग नागरिक, स्वतंत्र संस्थाएँ, नैतिक राजनीति और सहिष्णु समाज-इन्हीं के माध्यम से भारतीय गणतंत्र सुरक्षित रहेगा। तभी हम प्रगति और उन्नयन की दिशा में आगे बढ़ते हुए अपने भारत को वास्तव में सपनों का भारत बना सकेंगे।

**-सुनील कुमार महला**

# हर मतदाता मतदान करें- अपर कलेक्टर श्री डामोर

**विदिशा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला मुख्यालय पर आज 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार कक्ष में मतदाता जागरूकता संबंधी संदेशो का संम्प्रेषण किया गया वहीं पूर्व में उक्त कार्यो को उत्कृष्टता से संपादन कराने पर उन्हें अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया और नवीन मतदाताओं को ईपिक कार्ड प्रदाय किए गए है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर ने कहा कि युवा मतदाता देश की सबसे बड़ी धरोहर है हर मतदाता अपने मत का उपयोग करें। उन्होंने एसआईआर के तहत मतदाता सूची में दर्ज की जाने वाली जानकारियों को सांझा किया। निर्वाचक नामावली में नाम होने पर ही मतदान करने का अधिकार है अतः निर्वाचक नामावली में नाम अवश्य जुडवाएं। मतदाता सूची में नाम दर्ज करने की प्रक्रिया में शनैःशनैः हुए परिवर्तनक को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि अब मतदाताओं की कलर फोटो अंकित की जा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे 18 आयु वर्ग के मतदाता जिनके नाम किचिंत कारणो से अब तक नही जुड पाए है उन्हें फायनल मतदाता सूची प्रकाशन उपरांत नाम जुड़वा सकते है। कार्यक्रम को जिला पंचायत के सीईओ श्री ओपी सनोडिया ने भी सम्बोधित किया।

कार्यक्रम का विधिवत शुभांरभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात् अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, एसडीएम श्री क्षितिज शर्मा ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया साथ ही उन्हें माय इंडिया माय वोट मै भारत हूं पर आधारित बैज सभी को लगाया।

शपथ- निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर दिलाई जाने वाली शपथ का वाचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर ने किया। जिसे कार्यक्रम में मौजूद सभी अन्य अतिथियों, अधिकारी, कर्मचारियों के साथ-साथ युवा मतदाताओं के द्वारा दोहराया गया है।




संदेश का सम्प्रेषण- 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आज विधिवत शुभांरभ मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार के संदेश सम्प्रेषण से हुआ।

80 प्लस आयु वर्ग के वृद्ध मतदाता सम्मानित- 16वें मतदाता दिवस कार्यक्रम में जिले के 80 प्लस आयु वर्ग के 6 वयोवृद्ध मतदाताओं को भी आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान 80 प्लस आयु वर्ग के वयोवृद्ध मतदाता श्री सुखलाल, श्री शंभू दयाल, श्री काशी नाथ, श्रीमती लाजवंती, श्री सूरज प्रसाद सोनी और श्री बाबूलाल को अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, जिला पंचायत सीईओ श्री ओपी सनोडिया, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मोहिनी शर्मा के द्वारा शाल श्रीफल भेंट कर और पुष्प हार पहनकर वृद्ध मतदाताओं का स्वागत किया।

निर्वाचन क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी - 16वें मतदाता दिवस कार्यक्रम के दौरान निर्वाचन क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिन कर्मचारियों का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया है, उनमें जिला निर्वाचन कार्यालय के सहायक प्रोग्रामर श्री रवि यादव, भृत्य श्री शिव सिंह राजपूत, निर्वाचन सुपरवाइजर विधानसभा विदिशा श्री अरुण जैन, शिक्षक, श्री प्रमोद किरार, कंप्यूटर ऑपरेटर श्री दीपक शर्मा, श्रीमती अंकिता दुबे और पठारी पटवारी श्री प्रकाश बाबू मीणा को सम्मानित किया गया है। इसके अलावा विदिशा विधानसभा क्षेत्र के सहायक प्रोग्रामर श्री अजय रैकवार, डाटा एंट्री ऑपरेटर श्री संजय जैन, बासौदा विधानसभा के डाटा एंट्री ऑपरेटर श्री गौतम लोधी, मोहम्मद ओवैस, कुरवाई विधानसभा क्षेत्र के डाटा एंट्री ऑपरेटर श्री देवेंद्र रघुवंशी, श्री पुष्पेंद्र कुमार सेन, सिरोंज विधानसभा क्षेत्र के डाटा एंट्री ऑपरेटर श्री इशू जैन, श्री रामबाबू अहिरवार, शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र के डाटा एंट्री ऑपरेटर श्री अभिषेक रघुवंशी और माध्यमिक शिक्षक श्री तेजेश्वर धनबले शामिल हैं।

निर्वाचन क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सर्वश्रेष्ठ बीएलओ - इसी कार्यक्रम में आज निर्वाचन क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए सर्वश्रेष्ठ स्थान पाने वाले 09 बीएलओ को भी सम्मानित किया गया है, जिनमें विदिशा विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ श्री मनमोहन सोनी, श्री सुधीर जैन, बासौदा विधानसभा के बीएलओ श्री वेद प्रकाश खरे, श्री अमर सिंह अहिरवार, कुरवाई विधानसभा क्षेत्र की बीएलओ श्रीमती बसंती पंथी, सिरोंज विधानसभा के बीएलओ श्री नीरज शर्मा, श्री विनोद मालवीय और शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ श्री लालाराम जाटव, श्री वल्लभ शर्मा शामिल हैं।

निबंध, पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिताएं, विद्यार्थी हुए सम्मानित- 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर विदिशा जिले में विविध गतिविधियों का आयोजन हुआ जिनमें निबंध, पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित हुईं। इन प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया है।

पोस्टर प्रतियोगिता में राजमाता विजया राजे सिंधिया शासकीय कन्या अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय की बीए सेकेंड ईयर की छात्रा सुश्री खुशी श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान हासिल किया गया और प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय विदिशा के एमए फर्स्ट सेमेस्टर के छात्र श्री शैलेंद्र विश्वकर्मा ने द्वितीय और राजमाता विजया राजे सिंधिया शासकीय कन्या अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय की बीए थर्ड ईयर की छात्रा सुश्री सोनम साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

इसी प्रकार निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बीए थर्ड ईयर की छात्रा सुश्री मोहिनी कुशवाहा, प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय के बीएससी सेकंड ईयर के छात्र श्री निखिल अहिरवार को द्वितीय और राजमाता विजया राजे सिंधिया शासकीय कन्या अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय विदिशा की बीए थर्ड ईयर की छात्रा सुश्री सोनम साहू को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुश्री सलोनी विश्वकर्मा ने द्वितीय स्थान उमेश रजक ने और तृतीय स्थान सुश्री हर्षित शर्मा ने प्राप्त किया है। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागर कक्ष में सम्पन्न हुए उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के प्रतिनिधि, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर समेत विभिन्न विभागो के अधिकारी, कर्मचारी, स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थी, स्वीप गतिविधियों को क्रियान्वित करने वाले दल मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती दीप्ति शुक्ला ने किया और आंगतुको के प्रति आभार विदिशा एसडीएम श्री क्षितिज शर्मा के द्वारा अभिव्यक्त किया गया।

## निगम कार्यालय व जवाहर चौक पर महापौर करेंगें झण्डावंदन

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** 26 जनवरी गणंतंत्र दिवस के अवसर पर नगर निगम कार्यालय मे महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा प्रातः 7.30 बजे झण्डावंदन किया जावेगा। तत्पश्चात निगम परिसर मे ही निगम के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जावेगा। इसके पश्चात परम्परानुसार स्थानिय जवाहर चौक पर भी महापौर के द्वारा प्रातः 8 बजे झण्डावंदन किया जावेगा।

## दंगल प्रतियोगिता में विजेताओं को मिले पुरस्कार



**ग्वालियर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ग्वालियर व्यापार मेले में आयोजित में राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष कुस्ती प्रतियोगिता का आज समापन हो गया । समापन अवसर पर सभी विजेता पहलवानों को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्री महेन्द्र भदकारिया अध्यक्ष मेला व्यापारी संघ एवं श्री महेश मुदगल, संयोजक व्यापारी संघ थे, अध्यक्षता श्री एस.बी. त्रिपाठी, ने की। इस अवसर पर, मेला प्राधिकरण ग्वालियर एवं श्री मनीष यादव, नगर पुलिस अधीक्षक, श्री शाकिर नूर विश्वामित्र अवार्डी, डॉ मुंबर राज कटारे उपस्थित रहे। यह रहे विजेता पहलवान 40 किलोग्राम बालिक वर्ग में प्रथम पूर्वा चाकरे छिन्दवाडा द्वितीय पलक परमार तृतीय नैना वर्मा इन्दौर व चतुर्थ सिमरन सागर 50 किलोग्राम वजन में प्रथम आभा ठाकरे छिन्दवाडा द्वितीय वंशिका इन्दौर तृतीय तन्वी हार्डिया इन्दौर चतुर्थ दुर्गा खटबाल 60 किलोग्राम वजन में प्रथम कल्याणी इन्दौर द्वितीय सारिका अहिरवार सागर तृतीय अमृता बंसल सागर चतुर्थ चांदनी इंगले इन्दौर, 70 किलोग्राम वजन में प्रथम मुस्कान सागर द्वितीय डॉली जाट इन्दौर तृतीय निधि इन्दौर चतुर्थ अंशिका ग्वालियर विजयी रही। पुरुष वर्ग में यह रहे विजेता 51 किलोग्राम वर्ग में प्रथम नैतिक चैहान इन्दौर द्वतीय नीतेश सोनकर इन्दौर तृतीय कृष्णा यादव इन्दौर, चतुर्थ कृष्णा यादव सागर 57 किलोग्राम वर्ग में कबीर डगोरिया उज्जैन प्रथम हेमन्त यादव सागर द्वितीय शोजल यादव सागर तृतीय अजय प्रताप दतिया चतुर्थ, 61 किलोग्राम वर्ग में रवि बंजारा ग्वालियर प्रथम नैतिक चैहान इन्दौर द्वितीय रंजीत प्रजापति दतिया तृतीय वीर प्रताप गोपाल चतुर्थ 65 किलोग्राम प्रथम फैजान कुरैशी रतलाम द्वितीय मनकौशल इन्दौर तृतीय हितेश कुशवाह इन्दौर बतुर्थ रानू यादव 70 किलोग्राम वर्ग में हर्ष जाट इन्दौर प्रथम सौरभ परमार सीहोर द्वितीय मोहन यादव भिण्ड तृतीय लवकुश नावई मुरैना चतुर्थ 74 किलोग्राम वर्ग में प्रथम अक्षत यादव एलएनआईपी द्वितीय लोकपाल गौहर इन्दौर तृतीय गौतम पटीना उज्यीन चतुर्थ छोटू गुर्जर मुरैना, 79 किलोग्राम वर्ग में प्रथम प्रिंस सौनकर खण्डवा द्वितीय आर्यन यादव सागर तृतीय रुद्राक्ष पटीन उज्जैन चतुर्थ सैतान सिंह यादव ग्वालियर, 84 किलोग्राम वर्ग में प्रथम बृजेन्द्र यादव ग्वालियर द्वितीय रोहित प्रजापत इन्दौर तृतीय भानू यादव ग्वालियर चतुर्थ अमित जाट ग्वालियर, 84 किलोग्राम से अधिक वर्ग में प्रथम फराज हुसैन ग्वालियर द्वितीय राकेश गुर्जर ग्वालियर तृतीय अभिषेक पटीन उज्जैन चतुर्थ कार्तिक जोशी इन्दौर विजेता रहे।

## मां नर्मदा की अविरल धारा जीवन के साथ समृद्धि और खुशहाली देती है, इसलिए संकल्प ले कि मां की धारा स्वच्छ और निर्मल बनी रहे- मंत्री

**जबलपुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पुण्य सलिला जीवनदायिनी मां नर्मदा की अविरल धारा हमे जीवन देने के साथ ही हमारे जीवन में समृद्धि और खुशहाली देती है, हम सौभाग्यशाली है कि मां के तट के किनारे हमे रहने का अवसर हमे मिला, इसीलिए आज उनके प्राकट्योत्सव पर हमे मिलकर संकल्प लेना होगा कि मां नर्मदा को स्वच्छ और निर्मल रखेंगे और दूसरो को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे, यह बात लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने मां नर्मदा प्राकट्योत्सव के अवसर पर नर्मदा तट गौरीघाट में कही। नर्मदा प्राकट्योत्सव पर पूज्य दंडी स्वामी कलिकानंद जी महाराज, स्वामी गिरीशानंद जी महाराज, जगदुरु स्वामी नरसिंहदेवाचार्य जी महाराज, स्वामी मुकुंददास जी महाराज, स्वामी पगलानन्द जी महाराज, ज्ञानेश्वरी दीदी, पूज्य रामभारती जी महाराज, स्वामी केवलपुरी जी महाराज के सानिध्य में लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने मां नर्मदा की प्रतिमा को विराजित कर रथयात्रा रेतनाका से गौरीघाट तक निकाली। पूरे यात्रा मार्ग में मंत्री श्री सिंह नंगे पैर प्रारंभ स्थल से गौरीघाट तक रथ को खींचते हुए गए। रथयात्रा में महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक नीरज सिंह, संतोष बरकड़े प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन शामिल हुए। रथयात्रा गौरीघाट पहुंचने पर मंत्री श्री राकेश सिंह उमाघाट पहुंचे इसके उपरांत मां नर्मदा का पूजन और आरती की। गौरीघाट स्थित उमाघाट में संतों के सानिध्य में श्री सिंह ने जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओ के साथ मिलकर मां नर्मदा का पूजन अर्चन किया। इसके उपरांत मां नर्मदा के इस छोर उमाघाट से दूसरे छोर गुरुद्वारे तक 351 फ़ीट की चुनरी अर्पित की। रथयात्रा में पीत वस्त्र में कलश धारण किये मातृ शक्ति, बैंडदल, धमाल, दुलदुल घोड़ी नृत्य शामिल थे। मंत्री श्री सिंह ने जबलपुर सहित प्रदेश के सभी निवासियों को नर्मदा जन्मोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा मां नर्मदा जी मात्र नदी ही नहीं हैं, बल्कि कंकर-कंकर में शंकर को प्रकट करने वाली हैं, अपने पावन तट पर आद्य जगतगुरु शंकराचार्य जी को सनातन संस्कृति को दिशा देने वाली रचनाओं की प्रेरणा प्रदान करने वाली हैं, साथ ही अन्नदाताओं को समृद्धि प्रदान करने वाली हैं। उन्होंने कहा पवित्र नदियों में स्नान से पुण्य फल प्राप्ति की मान्यता है, जबकि मां नर्मदा के दर्शन से ही कहीं ज्यादा पुण्य मिल जाता है। कल-कल, छल-छल प्रवाहित अविरल धारा हमें जीवन, समृद्धि और खुशहाली देती है, साथ ही सतत आगे बढ़ाने की प्रेरणा भी मिलती है। सहायक नदियों को समाहित करती मां नर्मदा आगे बढ़ती हैं और मानो संदेश देती हैं कि हम सभी को साथ लेकर चलें। मां नर्मदा की प्रेरणा से जब हम सृजन के लिए आगे बढ़ते हैं तो समाज का हर वर्ग साथ देने आता है। श्री सिंह के निर्देश पर मां नर्मदा को चुनरी अर्पित करने के लिए इस बार विशेष व्यवस्था की गई थी, जिसमे दोनों छोर पर बेस बनाकर पोल लगाए गए थे, जिसमे तार के माध्यम से इस छोर से दूसरे छोर तक आसानी से चुनरी अर्पित की गई। पैदल पहुंचे और पैदल ही वापस लौटे मंत्री मां नर्मदा जन्मोत्सव के अवसर पर गौरीघाट में आयोजित कार्यक्रम में पैदल रथ लेकर पहुंचे लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह पूजन अर्चन के बाद पैदल ही पार्किंग स्थल तक पहुंचे। गौरतलब है कि मंत्री श्री सिंह ने पूर्व में ही घोषणा की थी कि मां नर्मदा के तट वह पैदल जाएंगे ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो। मंत्री श्री सिंह ने नागरिकों से भी आग्रह किया था कि असुविधा से बचने के लिए पार्किंग में वाहन खड़ा कर पैदल घाट जाए। मंत्री श्री सिंह के निर्देश पर प्रशासन ने जो व्यवस्था की थी, उसका परिणाम था कि इस बार नर्मदा तटों किसी भी तरह की परेशानी का सामना श्रद्धालुओं को नही करना पड़ा।



## महारानी चिमनाबाई कन्या माध्यमिक विद्यालय देवास में राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में किया गया विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में एवं रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास के निर्देशन में दिनांक 24.01.2026 को शासकीय महारानी चिमनाबाई कन्या माध्यमिक विद्यालय देवास, में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।



उक्त शिविर में राजेन्द्र कुमार पाटीदार जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश देवास ने अपने उद्बोधन में उपस्थित छात्राओं को शासन द्वारा संचालित बालिका कल्याण से संबंधित योजना की जानकारी, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं, सुकन्या समृद्धि योजना, राज्य शासन द्वारा बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए संचालित योजनाओं के बारे में, शिक्षा पर विशेष ध्यान दिये जाने पर जागरूक किया। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास से म.प्र.शासन द्वारा संचालित योजना अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना के बारे में भी जानकारी देते हुए छात्राओं को जागरूक किया। इस अवसर पर उक्त कार्यक्रम में श्रीमती अंजना तिवारी, प्रधानाध्यापक सहित स्टॉफ, छात्राएं उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य मतदान के प्रति जागरूक करना और अधिकतम मतदान प्रतिशत सुनिश्चित करना रहा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला समन्वयक श्री विष्णु प्रसाद नागर उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में छात्र को प्रेरित करते हुए कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। अपने अपने गांव में लोगो को जागरूक करना साथ ही, उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद अपने नाम को मतदाता सूची में जोड़वाएं, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके। और मतदान किया जा सके मेंटर्स कामिनी शर्मा ने कहा कि छात्र अपनी अपनी सक्रिय भागीदारी इस लोगतन्त्र में युवाओ को करना हे और मतदान का प्रतिशत केसे बड़े इस पर कार्य करे कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री राजेन्द्रजीशर्मा, श्री नन्दलाल जी नवांकुर संस्था अध्यक्ष श्री रामकिशन राजपुत भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर CMCLDP के विद्यार्थियों और प्रशिक्षकों का भी योगदान रहा। परामर्शदाता श्री जितेंद्र राजपूत और श्रीमती सोना राजपूत ने अपने विचार व्यक्त किए, जबकि कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता श्री महेश सिसोदिया ने किया। आभार प्रदर्शन श्रीमती कामिनी शर्मा ने किया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से युवाओं को उनके मतदान अधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए आयोजित किया गया था, ताकि भविष्य में अधिकतम संख्या में मतदाता सक्रिय रूप से चुनावी प्रक्रिया में भाग लें। अंत में सभी ने मतदाता जागरूकता की सामूहिक शपथ ली, और भव्य लोकतंत्र की गरिमा उसकी भाव भंगिमा को बनाए रखने के लिए, सदैव तत्पर रहेंगे।



# ईवीएम का बटन दबाकर हम देश की दिशा तय करते हैं- प्रधान जिला न्यायाधीश ललित किशोर

**ग्वालियर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री ललित किशोर ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती तभी होगी जब सभी लोग सोच समझकर अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। वोट डालना सभी की देश के प्रति हम सभी की जिम्मेदारी है। अगर हम वोट नहीं डालते हैं तो फैसले का अधिकार छोड़ देते हैं। प्रधान न्यायाधीश श्री ललित किशोर 16वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में यहाँ बाल भवन के ऑडिटोरियम में आयोजित हुए जिला स्तरीय समारोह में मौजूद प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वोट देने के लिये केवल हम ईवीएम का बटन ही नहीं दबाते हैं बल्कि देश की दिशा तय करते हैं।




कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चौहान ने कहा कि हम सब सौभाग्यशाली हैं कि विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में जन्म लिया है। देश के सभी मतदाताओं को बिना किसी जाति, धर्म व क्षेत्रीय भेदभाव के चुनाव लड़ने का व वोट देने का अधिकार है। उन्होंने सभी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की बधाई व शुभकामनायें दीं। साथ ही एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ सहित अन्य सभी अधिकारी-कर्मचारियों की सराहना की। साथ ही कहा कि चुनाव के दौरान शासकीय सेवक अपनी क्षमता से 10 गुना ज्यादा काम कर मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराते हैं। उसी तरह एसआईआर में भी सभी ने काम किया है। इस अवसर पर उन्होंने आह्वान किया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके जिन युवाओं के नाम मतदाता सूची में नहीं हैं वे ऑनलाइन अथवा अपने बीएलओ के सहयोग से फॉर्म भरकर मतदाता सूची में नाम अवश्य जुड़वाएं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी स्वीप श्री सोजान सिंह रावत ने कहा खुशी की बात है कि ग्वालियर जिले में जेंडर रेशियो व युवा मतदाताओं के नाम जोड़ने के प्रयास सार्थक रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम ऐसे देश के निवासी हैं जहां सभी लोग सर्वोच्च पद पाने का अधिकार लेकर पैदा होते हैं। लोकतंत्र की मजबूती के लिये दिलाई शपथ प्रधान जिला न्यायाधीश श्री ललित किशोर ने इस अवसर पर सभी को भारतीय लोकतंत्र की मजबूती के लिये स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण बनाए रखकर और जाति व धर्म का भेदभाव भुलाकर निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने इस मौके पर कहा युवाओं से अपील की जिनकी आयु एक जनवरी को 18 वर्ष हो गई है वे अपने नाम मतदाता सूची मे अवश्य जुडवाएँ। साथ ही आगामी चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। आरंभ में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री ललित किशोर तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने सहित अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री प्रशांत पाण्डेय, अपर कलेक्टर श्री सी बी प्रसाद व उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनिल बनवारिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री एस बी ओझा ने किया।

## व्यवस्थित विकास और सुरक्षित परिवेश की ओर एक सशक्त कदम - ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

**ग्वालियर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने रविवार को ग्वालियर उप नगर के विभिन्न वार्डों में 1.74 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाली विकास योजनाओं का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, मंडल अध्यक्ष, क्षेत्रीय पार्षद गण बड़ी संख्या में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता और जिला प्रशासन, नगर निगम प्रशासन, विद्युत वितरण कंपनी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री ने कहा कि ग्वालियर बदल रहा है और निरंतर विकास के पथ पर चल रहा है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि जनता की सुविधा और विकास ही हमारा संकल्प है। स्वच्छ और स्वस्थ ग्वालियर के निर्माण के लिए आपका सेवक सदैव प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से आव्हान किया कि प्रतिदिन अपनी दैनिक दिनचर्या में से कुछ समय निकालकर ग्वालियर को स्वच्छ, हरा-भरा, प्रदूषण मुक्त और नशा मुक्त बनाने के अभियान के लिए समय दें और अपने आसपास रहने वाले लोगों को भी इस अभियान से जुड़ने और साफ-सफाई रखने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान उन्होंने वार्ड क्रमांक 15 स्थित माधवी नगर ,गोस्वामी वाली गली, गदाईपुरा एवं एलएस कॉन्वेंट वाली गली में सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन करते हुए कहा कि यह कार्य क्षेत्रवासियों को सुगम, सुरक्षित एवं बेहतर आवागमन सुविधा प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र)

### // निविदा सूचना//

निविदा आ. सूचना 180 ज.प्र. स्टोर/2026 देवास दिनांक 16/01/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयाविधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMDराशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_476241_1 | नगर निगम देवास बिल्डींग एवं अन्य निगम भवनो में शुद्ध पीने के पानी के लिये आरओ. वाटर कुलर क्रय करने हेतु ई-निविदा । | 12 माह<br>5.00 लाख | 2000.00<br>15000.00 | 6/02/2026<br>06:00 pm |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

प्र. कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम देवास (म.प्र)

# सरकार ने नहीं बदले नियम तो इस साल नहीं होगी चारधाम, बद्रीनाथ यात्रा, बस ऑनर्स व तीर्थ यात्री एजेंट की बैठक हुई संपन्न

## तीर्थ यात्रा एजेंटो का कहना है कि सरकार जारी नियमों पर करना है पुनर्विचार

**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** तीर्थ यात्रा पर संचालित यात्री बसों के विरुध केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा नया कानुन लागु करने पर मप्र तीर्थ यात्रा बस आर्नस एवं एजेंट संघ की बैठक एक निजी गार्डन में संपंन हुई। जिसमें तीर्थ यात्रा बस के लिए लागू नए नियमों पर सरकार को पुर्नविचार करने हेतु कार्ययोजना तैयार की गई। नए नियमों के तहत लगेज केरियर यथावत रखने व गैस टंकी ले जाने पर पुर्न विचार किया जाए।




आगामी दिनों में संघ द्वारा मुख्यमंत्री, केन्द्रिय राज्य मंत्री को ज्ञापन सोपेंगे।

मप्र तीर्थ यात्रा एजेंट एवं बस आर्नस की बैठक में धार, उज्जैन, रतलाम, झाबुआ, मंदसौर व आल इंण्डिया यात्रा संघ के सदस्य शामिल हुए। बैठक में बताया गया कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा तीर्थ यात्री बसों में टु बाय एक सीट लगायी जावे, तथा बसों पर केरियर की सुविधा हटाने व गैस टंकी नहीं रखने जैसे नियम थोपे गए है। सरकार द्वारा थोपे गए निणर्य के विरुध एजेन्ट एव बस आर्नस एसोसिएशन बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि सरकार द्वारा जारी नए नियमों में बदलाव नहीं करती है तो सभी बसों के चक्के जाम कर दिए जाएंगे। तथा सभी तीर्थ स्थलों तक बात पहुँचा देंगे की इस बार न तो बद्रीनाथ यात्रा होगी न ही चार धाम व गंगा सागर जैसे तीर्थ पर यात्रियों की बसे नहीं आएगी।

इंदौर बस आर्नस एसोसिएशन सचिव अनिल भावसार का कहना है कि यात्री बसों पर केन्द्र सरकार ने मानवाधिकार आयोग के निर्देश पर परिवहन करने वाली यात्री बसों पर नियम अमल में लाया गया। पंजीकृत दो बाय दो स्लीपर वाहनों पर लागु होने से बैठक क्षमता प्रभावित होगी। दो बाय दो को दो बाय एक करने से यात्री केपेसिटी कम होने से अनावयश्क भार तीर्थ यात्रियों पर पड़ेगा। तथा तीर्थ यात्रियों के लिए आवश्यक सामान रखने हेतु लगेज केरियर हटाने से यात्री खाने पीने का सामान कहां रखेगे। तथा तीर्थ यात्रा हेतु व्यक्ति, किसान, गरीब, मजदूर एक ही बार जाता है। इसके लिए भारी मेहनत से राशि एकत्र करता है। ऐसे में उस पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ेगा। उडीसा, झारखंड एवं तमीलनाडू में अनैतिक वसुली भी रोक लगाने की आवश्यकता है। सरकार को इस बारे में पूर्न विचार कर स्लीपर बसों में लागू नए नियम पर रोक लगाने की मांग बस आर्नस एसोसिएशन करता है।

बस मालिक राकेश धाकड खाचरोद ने कहा कि सभी एजेन्ट चाहते है कि बस में केरियर की सुविधा व खाना बनाने हेतु गैस टंकी की आवश्यकता रहती है। एआइटीपी का नियम लंबी लाइन की बस पर ही लागू होता है। तीर्थ यात्री बसों को इसमें छुट मिलना चाहिए। सनातन धर्म का व्यक्ति 12 ज्योर्तिलिंग व बद्रीनाथ धाम की यात्रा कम राशि में करवाते है। सरकार से मांग है कि तीर्थ यात्री बसों को नए नियमों में छुट मिले या इन्हे लंबी लाइन वाली बसों की श्रेणी में न रखा जाए।

बैठक में अन्य सदस्यों ने भी नए नियम के विरोध में अपनी बात कही। बैठक में बस आर्नस अनील भावसार, कलर बस उज्जैन, स्टुडेंट ट्रेवल्स इंदौर, मयुर ट्रेवल्स रतलाम एवं बद्रीलाल परमार, मुन्नालाल मालवीय, देवप्रसाद कुमावत, लालसिंह डाबी, अनील हारोड, पिंटु सेठ, पप्पु सहारा, रमेश नाहर, राजू बरमंडल, मुरलीदास बैरागी, सचिन नामदेव, अजय बारोट, राकेश शर्मा, सच्चिन उपाध्याय, शुभम पाठक, शंकरलाल कुमावत, ओमप्रकाश दधीच, गोपाल टॉक, नितेश राठौड, रुपेश राठौड, राजेश बीसी एवं राजेन्द्र पटेल सहीत बडी संख्या में तीर्थ यात्री एजेन्ट उपस्थित थे।

# जैन समाज के वरिष्ठ सुजानमल वरमेचा का निधन



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जैन समाज के वरिष्ठ, दवाई विक्रेता सुजानमल वरमेचा का 75 वर्ष की उम्र में 24 जनवरी शनिवार को बखतगढ़ में अरिहंत शरण (निधन) हो गया। उनका उठावना एवं शोक निवारण 26 जनवरी सोमवार को प्रातः 10 बजे बखतगढ़ पर होगा। वे जैन समाज के वरिष्ठ स्वर्गीय जयंतीलाल वरमेचा, सेवानिवृत प्रधानाध्यापक माणकलाल वरमेचा (टांडा वाले) इंदौर एवं कपड़ा व्यवसायी स्वर्गीय मोहनलाल वरमेचा के भाई थे। वहीं विशाल, वैभव, गौरव के पिताजी, पारस, सुनील, राजेश, आशीष के काकासा., जयेश, अवनिश, सिद्धार्थ, प्रथम, ऋषित, गौतम के दादाज़ी एवं जैनिक के परदादीजी थे। उनके निवास से निकली अंतिम यात्रा में जैन समाज सहित विभिन्न धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं एवं राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों, सदस्यों सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन शामील हुए। बखतगढ़ में मुक्तिधाम पर आयोजित शोकसभा में बखतगढ़ जैन श्रीसंघ की ओर से वर्धमान बोहरा, जैन सोशल ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष नीलेश पटवा, वरिष्ठ पत्रकार सिद्धार्थ कांकरिया थांदला, भारतमल बांठिया टांडा, रामेश्वर पाटीदार, सोहनसिंह जादव सकतली, राधेश्याम राठौर, आदि ने श्री वरमेचा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की। वर्धमान बोहरा ने दो लोगस्स का ध्यान करवाकर सामूहिक श्रद्धांजलि दिलवाई। जैन पत्रकार परिषद के प्रदेश सलाहकार सचिव दिलीप दरड़ा ने शोकसभा का संचालन किया।

# टेनिस कोर्ट का कलेक्टर बालागुरु के. ने किया लोकार्पण



**सीहोर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** लगभग 112 वर्ष पुराने सीहोर क्लब (पुराना नाम डेविस क्लब) के जीर्णोद्धार किये गए टेनिस कोर्ट का शुभारंभ रविवार को कलेक्टर एवं क्लब के अध्यक्ष बालागुरु के. द्वारा एक सादगीपूर्ण समारोह में रिबन काटकर किया गया।

इस अवसर पर क्लब के सदस्य डॉ. अनीस खान ने संचालन करते हुए बताया कि क्लब में दो लॉन टेनिस ग्राउंड का जीणोद्धार किया गया है। दोनों लॉन टेनिस ग्राउंड क आज जिलाधीश एवं क्लब अध्यक्ष श्री बाला गुरु के. द्वारा सदस्यगण, गणमान्य नागरिक और बुद्धिजीवियों की उपस्थिति में लोकार्पित किया गया। इस क्लब की स्थापना सन 1914 में ब्रिटिश सरकार के तत्कालीन पॉलिटिकल एजेंट डब्ल्यूएस डेविस ने की थी। यह के कोर्ट में 1956 में पहली फ्लड लाइट लगाई गई जो मध्यप्रदेश में पहली थी। सन 2006 में यहां तत्कालीन जिलाधीश डीपी आहूजा के सफल प्रयास से डेको टर्फ ग्राउंड ग्राउंड समर्पित किया गया। 2008 में पूर्व जिलाधीश संदीप यादव ने दूसरे ग्राउंड पर भी डेको टर्फ से सुसज्जित कराने में उल्लेखनीय योगदान दिया।

इसके बाद वर्तमान जिला जिलाधीश श्री बाला गुरु के. द्वारा दोनों डेको टर्फ टेनिस ग्राउंड को नया रूप देकर लोकार्पित किया। इस ग्राउंड पर पूर्व में कई राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं हो चुकी हैं। क्लब के महासचिव शैलेंद्र पहलवान जो एक बेहतरीन खिलाड़ी और कोच हैं। जिन्होंने अब तक अपनी कला से कई खिलाड़ी तराशे हैं जो राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं।

# भावसार क्षत्रिय समाज का हल्दी कुमकुम व भंडारा संपन्न

## क्षेत्रीय विधायक ने किया नवीन मांगलिक परिसर का लोकार्पण



**खरगोन/ अंजू त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भावसार क्षत्रिय समाज द्वारा मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में रविवार को समाज की सभी महिलाओं के लिए हल्दी कुमकुम का आयोजन कुंदा नदी तट स्थित श्रीरामद्वारा मांगलिक परिसर में किया। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम मां हिंगलाज के चित्र का पूजन-अर्चन व माल्यार्पण किया तत्पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।समाज अध्यक्ष नीलेश भावसार ने बताया कि इस दौरान क्षेत्रीय विधायक बालकृष्ण पाटीदार द्वारा जीर्णोद्धार की गई श्रीरामद्वारा मांगलिक परिसर का लोकार्पण किया। महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती डिंपल राजेश भावसार ने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को हल्दी कुमकुम कर उपहार भेंट किए। समाज के मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र भावसार लाला ने बताया कि शाम 4 बजे से महिलाओं द्वारा धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। अंत में शाम 7 बजे से समाजजनों के लिए भंडारा प्रारंभ हुआ, जहां समाजजनों ने सहपरिवार सम्मिलित होकर सामूहिक भोजन का आनंद लिया। नर्मदाष्टक पर दी शानदार प्रस्तुति रविवार मां नर्मदा प्राकट्य दिवस होने से भावसार क्षत्रिय समाज द्वारा आयोजित हल्दी कुमकुम कार्यक्रम के दौरान समाज की महिला मंडल में शामिल महिलाओं द्वारा नर्मदाष्टक पर शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में संचालक मंडल एवं महिला मंडल का सराहनीय योगदान रहा।

# आदर्श श्राविका मंडल मे श्रीमती वोरा अध्यक्ष श्रीमती कटकानी सचिव हुए मनोनित किया सेवा कार्य



**नागदा/ सुनिल सकलेचा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आदर्श श्राविका मण्डल की संस्थापक अध्यक्ष अंजुली कांठेड़ पूर्व अध्यक्ष ज्योति दलाल,रचना चपलोत एवं शिखा कोलन के मार्गदशर्न मे सर्वानुमति से अध्यक्ष सचिव सहित नवीन कार्यकारी की घोषणा की जिसमें अध्यक्ष प्रिया वोरा सचिव प्रियंका कटकानी उपाध्यक्ष सगीता चपलोत सह सचिव अंतिमा संधवी कोषाअध्यक्ष सेजल चपलोत धार्मिक मंत्री मनाली भंडारी, समीक्षा चपलोत सास्कृति मंत्री मोनिका नवादावाला,मोनिका पितलिया मीडिया प्रभारी श्रद्दां संघवी कार्यकारणी नेहा राठोड, रानु वोरा, आस्था चपलोद, रेणु भटेवरा, रीना चपलोद को मनोनित किया गया। मनोनित होने पर स्थानक समाज की और से सभी को शुभकामनाए प्रेषित की ग्रुप द्वारा किया गया सेवा कार्य - गठन होने के पश्चात ग्रुप ने अपनी वार्षिक गतिविधि के अंतर्गत किल्कीपुरा स्थित शहीद भगतसिंह स्कूल में बच्चों को पानी की बोतल एव अन्य सामग्री वितरित की इस अवसर पर मोनिका नवादावाला,मोनिका पितलिया,श्रद्धा सघवी,अंतिमा संघवी आस्था,रीना,समीक्षा चपलोत रानू,शिखा वोरा, हर्षिता राठौड़ आदि उपस्थित रहे ।

# श्री श्री 1008 दामोदर महिला मंडल द्वारा हल्दी कुमकुम का पर्व मनाया गया



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्री श्री 1008 दामोदर महिला मंडल द्वारा संक्रांति के उपलक्ष में गणेश गार्डन में हल्दी कुमकुम का पर्व मनाया गया जिसमें समाज की महिला द्वारा सुहाग की लंबी उम्र की कामना करते हुए सभी महिलाओं ने एक दूसरे को हल्दी कुमकुम किया हल्दी कुमकुम के पश्चात गेम्स का आयोजन रखा गया जिसमें महिला और बालिकाओं हिस्सा लिया जिसमें प्राची वाघेला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया बाकी सभी को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया हल्दी कुमकुम कार्यक्रम में महिला समाज अध्यक्ष सपना पवार उपाध्यक्ष पूनम वाघेला मोना सोलंकी कोषाध्यक्ष भारती मेहता सहित चंद सोलंकी राजू सोलंकी अंकित सोलंकी शांति सोलंकी अंजू मेहता पिंकी सोलंकी उमा सोलंकी बेबी सोलंकी उषा सोलंकी सभी सम्मानित महिलाएं उपस्थित थी।

# लोकतंत्र की आत्मा है राष्ट्रीय मतदान दिवस प्राचार्य डॉ विजय सिंह मंडलोई




**खरगोन/ अंजू त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** 25 जनवरी को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय मतदान दिवस मनाया जाता है। यह दिवस लोकतंत्र की आत्मा मतदाता को सम्मान देने तथा नागरिकों में मतदान के प्रति जागरूक बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है भारत जैसे विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में मताधिकार अधिकार नहीं बल्कि राष्ट निर्माण में सहभागी बनने का सशक्त माध्यम है यह उद्बोधन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ विजय सिंह मंडलोई ने राष्ट्रीय मतदान दिवस अवसर पर अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को कहीं उन्होंने इस अवसर पर कहा कि लोकतंत्र की मजबूती सक्रिय जागरूकता और जिम्मेदारी मतदाताओं पर निर्भर करती है प्रत्येक नागरिक का एक-एक मत देश की दिशा और दशा तय करता है मतदान के माध्यम से हम न केवल अपने प्रतिनिधि चुनते हैं बल्कि संविधान में निहित मूल्य समानता स्वतंत्रता और न्याय को सूढड करते हैं उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से आवाहन किया कि वे 18 वर्ष की आयु पूर्ण करते ही मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाएं और चुनाव में उसका पूर्व भाग ले युवा शक्ति का मतदान में सक्रिय होना लोकतंत्र की नई ऊर्जा प्रदान करता है और नीतियों को जनहित करी बनता है डॉक्टर मंडलोई ने यह भी कहा कि मतदाता दिवस हमें यह स्मरण करता है कि निष्पक्ष निर्भीक और पारदर्शी मतदान ही सशक्त लोकतंत्र की पहचान है किसी भी प्रकार के प्रलोभन दबाव या अभाव से दूर रहकर विवेक कुंड निर्णय लेना प्रत्येक मतदाता का दायित्व है कार्यक्रम के नोडल अधिकारी शोभाराम सोलंकी ने विद्यार्थियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाते हुए रैली के माध्यम से मेरा वोट मेरी पहचान के संदेश को आज आत्म सात करने एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करें और राष्ट के उज्जवल भविष्य के लिए मतदान को अपना करते समझे राष्ट्रीय मतदान दिवस पर यह संकल्प दिलाया प्रोफेसर मनोज कछवाय ने विद्यार्थियों को दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर शोभाराम सोलंकी ने किया एवं आभार मनोज कछवाय ने किया कार्यक्रम में महाविद्यालय के महेंद्र पटेल परमानंद बाडूकिया एवं महा विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने नागरिकों को दीं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले के समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे संविधान, लोकतंत्र और देश की एकता एवं अखंडता का प्रतीक है। यह दिन हमें स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और संविधान निर्माताओं के आदर्शों को स्मरण करने का अवसर देता है। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने कहा कि संविधान ने हमें समानता, न्याय और अधिकार प्रदान किए हैं तथा इसके साथ ही अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा भी दी है। उन्होंने जिलेवासियों से आह्वान किया कि सभी नागरिक आपसी सद्भाव, भाईचारे और सहयोग की भावना के साथ मिलकर जिले के विकास में सक्रिय सहभागिता निभाएं।

# बदनावर में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर संपन्न



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय पत्रकार संघ एवं स्वतंत्र प्रेस क्लब के सहयोग से शंकुस मल्टी स्पेशियलिटी एवं कैंसर हॉस्पिटल, रतलाम के सौजन्य से रविवार को बदनावर में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर स्थानीय सहयोग हॉस्पिटल, माथुर कॉलोनी में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में मरीजों ने लाभ लिया। शिविर में विशेषज्ञ चिकितस्को दवारा कैंसर, स्त्री रोग, जनरल सर्जरी, यूरोलॉजी एवं हड्डी रोग सहित विभिन्न बीमारियों की जांच व उपचार किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों को निःशुल्क परामर्श प्रदान किया गया तथा आवश्यक दवाइयों का वितरण भी किया गया। शिविर का शुभारंभ अनुविभागीय अधिकारी प्रियंका मिमरोट, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी, बड़नगर प्रेस क्लब अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र सिंह राजावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर, एआईजे प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र अग्निहोत्री, समाजसेवी सर्वेश मंडलेचा, वरिष्ठ पत्रकार महेश पाटीदार एवं डॉ. गोपाल सिंह ठाकुर की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर डॉ. राज दुलानी ने कैंसर होने के कारण, उसकी पहचान एवं प्रारंभिक उपचार के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। एसडीएम प्रियंका मिमरोट ने ऐसे जनहितकारी शिविरों के आयोजन की सराहना करते हुए शासन स्तर से सहयोग देने की बात कही। वहीं मनोज सोमानी ने आयोजन के लिए चिकित्सकों एवं पत्रकारों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर आयोजित करने का आह्वान किया।

स्वास्थ्य शिविर में डॉ. नयन गुप्ता, डॉ. विपुल गुप्ता, डॉ. विपिन कुमार दुबे (कैंसर रोग विशेषज्ञ), डॉ. राज दुलानी (जनरल एवं एल.एल.टी. सर्जन), डॉ. आकाश मीणा व डॉ. भूपेंद्र कुशवाहा (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. उत्सव शर्मा (गहन रोग फिजिशियन), डॉ. आरती शर्मा (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. गौरव नाहर (यूरोलॉजिस्ट), डॉ. अंकित चोयल (यूरोलॉजिस्ट, एंड्रोलॉजिस्ट एवं किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन), डॉ. बिकास (बाल, मुख एवं गला कैंसर विशेषज्ञ) तथा डॉ. अरविंद पवार (जनरल फिजिशियन) ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम में विनय पाटीदार, राकेश सिंह चौहान, सचित बाहेती एवं मोहित पांचाल राजू गजभीये, स्वदेश सिह पंवार, प्रदीप पंवार ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन नवीन चौहान ने किया । आभार भूपेंद्रसिंह जादौन ने माना ।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात बूथों पर हुए आयोजन



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 130वां एपिसोड रविवार को प्रसारित किया गया। विधानसभा क्षेत्र के सभी छह मंडलो के बूथों पर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओ ने इस कार्यक्रम को सुना।

इस अवसर पर नगर मंडल के बूथ संख्या 64 विशेष आयोजन किया गया। जहां भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष मनीष गुर्जर सहित नेताओ व कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर आगामी कार्यक्रमो को लेकर चर्चा कर संगठनात्मक कार्यों की रुपरेखा बनाई।

कार्यक्रम में नगर मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज़ कवि, महिला मोर्चा पूर्व ज़िला महामंत्री माधवी कुंवर सोलंकी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री कन्हैयालाल गुर्जर, बूथ अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह सोलंकी, पार्षद प्रतिनिधि सन्तोष राव, पिछड़ा वर्ग नगर मंडल अध्यक्ष प्रदीप पंवार, बूथ के वरिष्ठ कार्यकर्ता कैलाशचंद्र श्रीवास्तव, यश यादव, मुकेश बोरझालिया, हैप्पी गादीया, दिनेश शर्मा आदि मौजूद थे।

नगर मंडल अध्यक्ष गुर्जर ने बताया कि प्रधानमंत्री का यह मासिक कार्यक्रम हर माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होता है। इसे सुनने से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होता है और उन्हें कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। नगर मंडल के अन्य बूथों पर भी मन की बात को सुना गया।

उधर विधानसभा क्षेत्र के अन्य भाजपा के ग्रामीण मंडल समेत बखतगढ़, कानवन, बिड़वाल व सादलपुर मण्डल में भी बूथों पर मन की बात एपिसोड को पार्टी कार्यकर्ताओ ने सुना। यह जानकारी भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज सोलंकी ने दी।

# माय भारत ने पदयात्रा और कार्यशाला आयोजित कर मनाया मतदान दिवस, युवाओं ने ली मतदान की शपथ



**सीहोर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन संचालित माय भारत सीहोर द्वारा हिताय के सहयोग से बालक छात्रावास में मतदाता दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिला युवा अधिकारी निक्की राठौर, छात्रावास अधीक्षक भूपेंद्र सिंह एवं दिनेश बारेला की उपस्थिति रही। श्रीमति निक्की राठौर ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की एवं मतदान के महत्व को समझाया। छात्रावास अधीक्षक द्वारा युवाओं को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन हिताय के निदेशक उमेश पंसारी ने किया। नवीन युवा मतदाताओं को सम्मानित किया गया। जिले के मुख्य मार्ग से पदयात्रा निकालते हुए युवाओं ने मतदान करने का संदेश दिया। साथ ही एक प्रश्न मंच का आयोजन किया गया एवं विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। अंत में आभार प्रदर्शन कर मानव श्रृंखला का निर्माण किया किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरिओम, तृषा, प्रकाश, मानसी और रेखा सहित अनेक युवाओं की उपस्थिति रही।

# समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति रोकने पुलिस पेंशनर करेंगे जनजागरण

## पुलिस पेंशनर्स की बैठक में शामिल हुए जिलेभर के सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी



**खरगोन/ अंजू त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को रोकने और सामाजिक सरोकार के साथ ही अपराधों की रोकथाम को लेकर जनजागृति हेतू पुलिस पेंशनर संकल्पित होकर समर्पित रहेंगे। यह बात रविवार को सनावद रोड़ पर आयोजित जिला पुलिस पेंशनर्स संघ की बैठक में जिलाध्यक्ष शिवराम पाटीदार ने कही। उन्होंने कहा कि सेवा निवृत्त पुलिसकर्मी नशे की रोकथामए सायबर क्राइमए महिला अपराधोंए जालसाजीए ठगी और अन्य अपराधों की रोकथाम के साथ ही बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात नियमों के पालन के लिए जनजागरण करेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस पेंशनर्स परिवारों के कल्याण और सेवा कार्यों के लिए एक स्वयंसेवी संस्था का भी गठन किया जाएगा। बैठक में रिटा.डीएसपी और संरक्षक राजाराम पाटीदार, जगदीश पाटीदार, जिला उपाध्यक्ष राजाराम यादव, नवीन शर्मा, कमल पाठक, शिवराम निर्वेल और कैलाश लाड आदि मौजूद थे। इस अवसर पर पत्रकार कल्याण परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय शर्मा ने जिलाध्यक्ष शिवराम पाटीदार का स्वागत और अभिनंदन किया। पत्रकार यादवेंद्र सिंह, आशुतोष पुरोहित, शशिकांत शर्मा, राकेश जायसवाल और सुरेश चंदेल ने भी श्री पाटीदार का स्वागत और अभिनंदन किया। बैठक के बाद उपस्थित पुलिस पेंशनर्स ने स्व. प्रहलाद सिंह सोलंकी के निवास पर जाकर अपनी शोक संवेदना भी व्यक्त की।

# मतदाता लोकतंत्र का आधार है - कलेक्टर

**सीहोर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्टर कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बालागुरु के ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नवीन मतदाताओं को इपिक कार्ड प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बालागुरु के. ने कहा कि मतदाता लोकतंत्र का आधार है। लोकतंत्र को मजबूत और समृद्ध बनाने के लिए मतदाताओं का जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान प्रत्येक भारतीय नागरिक को मतदान का अधिकार प्रदान करता है और यह अधिकार सभी के लिए समान है। कलेक्टर श्री बालागुरु के. ने कहा कि चाहे मतदाता गरीब हो या अमीर, शिक्षित हो या अशिक्षित–हर मत का मूल्य समान होता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने इस अधिकार का उपयोग अवश्य करें और बिना किसी दबाव और लालच के निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान करें। उन्होंने यह भी कहा कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। नागरिकों का कर्तव्य है कि लोकतंत्र को सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए चुनावों में सक्रिय सहभागिता निभाएं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री वृंदावन सिंह, एसडीएम श्री तन्मय वर्मा आदी।

# उज्जैन के महाकाल मंदिर में 6 फरवरी से शुरू होगा शिवनवरात्र उत्सव, अब तक नजर नहीं आ रही तैयारियां



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में 6 फरवरी से शिवनवरात्र का आरंभ होगा। महापर्व शुरू होने में मात्र 11 दिन का समय शेष रह गया हैं, लेकिन अब तक तैयारी नजर नहीं आ रही है। शिवनवरात्र के नौ दिन मंदिर में आस्था का ज्वार दिखाई देगा। भक्त दूल्हा बने महाकाल के दर्शन करने के लिए उमड़ेंगे।

1 2 ज्योतिर्लिंगों में महाकाल एक मात्र ऐसा ज्योतिर्लिंग है, जहां शिवनवरात्र के रूप में शिव पार्वती विवाह का उत्सव नौ दिन मनाया जाता है। फाल्गुन कृष्ण पंचमी से त्रयोदशी तक चलने वाले इस उत्सव में भगवान महाकाल की पूजा का विशेष अनुक्रम रहता है। इस बार शिवनवरात्र उत्सव 6 से 15 फरवरी तक रहेगा।



मंदिर की परंपरा अनुसार महाशिवरात्रि पर कोटीतीर्थ कुंड की सफाई, मंदिर के शिखर तथा परिसर में रंगरोगन, मंदिर में लगी चांदी व पीतल की वस्तुओं पर पालिश आदि कार्य किए जाते हैं। हालांकि मंदिर में फिलहाल ऐसी कोई तैयारी नजर नहीं आ रही है।

जनसंपर्क विभाग में ताले, कर्मचारी संभाल रहे काम- महाकाल मंदिर का जनसंपर्क विभाग एक रील बनाने वाले कर्मचारी के भरोसे चल रहा है। मंदिर की गतिविधियों की जानकारी समय पर नहीं मिल पा रही है। बताया जाता है जनसंपर्क विभाग में तालाबंदी जैसी स्थिति है। मंदिर प्रशासन को समय पर काम नहीं होने की जानकारी है, लेकिन व्यवस्था में सुधार नहीं किया जा रहा है।

महाकाल सूबे का एकमात्र ऐसा मंदिर है, जहां जनसंपर्क अधिकारी की विधिवत नियुक्ति है, लेकिन इन्हें जिम्मेदारी से मुक्त कर रखा है। मंदिर प्रशासन स्वास्थ्य वर्धक रागी के लड्डू की भी ब्रांडिंग नहीं कर पा रहा है।

कोटीतीर्थ कुंड की भी नहीं की गई सफाई-महाकाल मंदिर देश का एक मात्र ज्योतिर्लिंग है जहां फाल्गुन कृष्ण पंचमी से त्रयोदशी तक नौ दिन शिवनवरात्र के रूप में महाशिवरात्रि उत्सव मनाया जाता है। इस बार 6 फरवरी से शिवनवरात्र उत्सव की शुरुआत होगी। 15 फरवरी को महाशिवरात्रि मनाई जाएगी। महापर्व शुरू होने में दस दिन का समय शेष है, लेकिन अब तक तैयारी नजर नहीं आ रही है।

मंदिर की पूजन परंपरा में महाशिवरात्रि से पहले कोटितीर्थ कुंड की साफ सफाई, मंदिर के शिखर व परिसर में रंग रोगन। मंदिर में लगी चांदी व पीतल की वस्तुओं की सफाई तथा पालिश का काम प्रमुखता से होता है। लेकिन अब तक इन कामों के शुरू होने की मंदिर प्रशासन की ओर से जानकारी नहीं मिली है।

# हम सबको दे रहे हैं समान अवसर, मध्यप्रदेश में बेरोजगारी दर सबसे कम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## उज्जैन की ओर आने वाले सभी सड़क मार्गों को 4 लेन एवं 6 लेन किया जाएगा



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारा मध्यप्रदेश विकास के नए-नए कीर्तिमान गढ़ रहा है। आज मध्यप्रदेश की गिनती देश में सबसे तेज गति से विकास करने वाले राज्यों में हो रही है। यही मध्यप्रदेश का अभ्युदय है। एक हालिया राष्ट्रीय सर्वे में सामने आया है कि मध्यप्रदेश में बेरोजगारी दर सबसे कम है। ऐसा इसलिए क्योंकि हम गरीबों, जरूरतमंदों, किसानों, युवाओं महिलाओं और सभी वर्गों को आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध करा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बीते एक साल में 7.50 करोड़ से अधिक श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन आये। श्रद्धालुओं की यह तादाद तेजी से बढ़ रही है। सिंहस्थ आने वाला है, इसलिए दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक मेले के लिए उज्जैन भी पूरी तत्परता और तेजी से तैयार हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उज्जैन शहर में हरिफाटक पुल के चौड़ीकरण के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में हरिफाटक पुल तक 371.11 करोड़ रुपए की लागत से 6 लेन रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण, उज्जैन शहर में 389.67 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न श्रेणी के निर्माण सहित कुल 760.78 करोड़ रुपए लागत के 15 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इन विकास कार्यों में 232.73 करोड़ रुपए की लागत से पुलिस अधिकारी कर्मचारियों के लिए 836 नए पुलिस आवास और 36 करोड़ रुपए की लागत से न्यू स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का भूमिपूजन भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने यहां 33 करोड़ रुपए के दो निर्माण कार्यों का लोकार्पण भी किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य स्तरीय मिशन कोमल स्पर्श का शुभारंभ किया। इस मिशन की शुरूआत उज्जैन संभाग से की गई है। मिशन में नवजात/छोटे बच्चों के तलवों की जांच कर यह पता लगाया जाएगा कि उनमें कोई आनुवांशिक कमी/विकृति/बीमारी के लक्षण तो नहीं है। यदि ऐसा कुछ मिलता है, तो उस चिन्हित बच्चे का 18 साल की आयु तक निन्शुल्क उपचार किया जाएगा।

# समाज सेवा मनुष्य जीवन का है महत्वपूर्ण दायित्व : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि समाज सेवा मनुष्य जीपन का महत्वपूर्ण दायित्व है। हम जो सामाजिक कार्य करते हैं परमात्मा हमें उसका शुभ फल देता है। इस हॉस्पिटल के माध्यम से नागरिकों को आंखों के इलाज की सुविधा दी जा रही है। मरीजों के लिये डॉक्टर भगवान के स्वरूप होते है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उज्जैन में स्वामीनारायण संस्था के ग्राम हासामपुरा स्थित शिव ज्ञान मोतीलाल नेत्र चिकित्सालय की तीसरी वर्ष गांठ में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि नेत्र ज्योति प्रदान करने वाला यह चिकित्सालय 3 वर्षों से सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुजरात भारत का गौरव है, गुजरात जो भी करता है विशेष करता है। गुजरात के साथ मध्यप्रदेश भी बहुत अच्छा कर रहा है। गुजरात के सपूत महात्मा गांधी, सरदार वल्लभ भाई पटेल, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह भी भारत के गौरव है। भगवान श्रीकृष्ण भी गुजरात जाकर द्वारकाधीश बने और वहां से उन्होंने सभी परेशानियों का अंत किया।

# दूर दराज की कॉलोनियों में भी सीसीटीवी कैमरे लगाने चलन बढ़ा

## 700 से अधिक सीसीटीवी कैमरों से हो रही शहर की निगरानी- नई कॉलोनियों में रात में नहीं होती पुलिस की गश्त

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में विभिन्न चौराहों और मार्गों पर 700 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। ज्यादातर वारदात के खुलासे इन्हीं कैमरों में फुटेज देखकर पुलिस कर रही है। लगभग 80 फीसदी इस तरह के मामले पुलिस इनके माध्यम से निपटा रही है। पुलिस कंट्रोल रूम पर लगी स्क्रीन के जरिए सतत निगरानी हो रही है, लेकिन दूर दराज की कॉलोनियों में रात में पुलिस गश्त नहीं होन से सीसीटीवी कैमरे लगाने का चलन बढ़ गया है।

उल्लेखनीय है कि पुलिस विभाग में सीसीटीवी कैमरों का चलन शुरू होने से पहले पुलिस विभाग और उनका खुफिया तंत्र अपराधियों के गिरेबां तक मुखबिरों के जरिए ही पहुंचता था। हर थाना क्षेत्र में पुलिस के मुखबिरों की पूछ परख थी। पुलिस विभाग से जुड़े सूत्रों का कहना है कि मुखबिरों से जानकारी निकलवाने के लिए उनपर खर्च भी करना पड़ता था। इसके लिए भी विभाग में अलग से मद था। इन्हीं के जरिए पुलिस को अपराधी और अपराधों के इलाकों की सूचना मिलती थी। लेकिन जबसे सीसीटीवी कै मरों का चलन शुरू हुआ, तब से पुलिस ने मुखबिरों का सहयोग लेना पहले के मुकाबले कम कर दिया। उज्जैन शहर में 700 से अधिक सीसीटीवी कै मरे विभिन्न मार्गों और चौराहों पर लगाए गए है। पुलिस कंट्रोल रूम की स्क्रीन पर इनके जरिए इलाकों पर नजर रखी जा रही है। इधर शहर में लगातार नई कॉलोनियां विकसित होती जा रही है और दूर दराज कॉलोनियों में रात में पुलिस की गश्त भी नहीं हो पाती। ऐसे में अधिकांश कॉलोनियों में नागरिकों ने सुरक्षा और निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाना शुरु कर दिए हैं। नई कॉलोनियों में सीसीटीवी कैमरे का चलन बढ़ गया है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को दीं 77वें गणतंत्र दिवस की मंगलकामनाएं

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह दिवस हमें हमारे संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता के प्रति निष्ठा का स्मरण कराता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश आत्मनिर्भरता और विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। विकसित भारतच्च2047 के संकल्प के साथ हमारा मध्यप्रदेश भी कृषि, उद्योग, युवा शक्ति, महिला सशक्तिकरण, सुशासन और पर्यटन के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। हमारे किसान, युवा, श्रमिक और मातृशक्ति प्रदेश की विकास यात्रा के मजबूत स्तंभ हैं। प्रदेश की प्रगति में नागरिक अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएंगे और हमारा मध्यप्रदेश निश्चित ही भारत राष्ट्र का गौरव बढ़ाने में आगे रहेगा। गणतंत्र दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत माता की आजादी के लिए हंसते-हंसते सूली पर चढ़ने वाले अमर शहीदों के चरणों में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आइए, हम सब मिलकर एक समृद्ध, सशक्त और विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण का संकल्प लें और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में स्पोर्ट कॉम्पलेक्स और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का किया लोकार्पण

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को उज्जैन में अटल परिसर स्थित 5.43 करोड़ की लागत के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और 28.31 करोड़ की लागत के कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण और 10.75 करोड़ रुपए के पीएम ई बस सेवा योजना अंतर्गत बस डिपो एवं चार्जिंग अधोसंरचना निर्माण कार्य का भूमि-पूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अटल परिसर स्थित शॉपिंग काम्प्लेक्स और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का अवलोकन भी किया। उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा स्मार्ट सिटी मिशन के तहत अटल परिसर स्थित परिसर में स्विमिंग पूल, क्लब हाउस तथा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवनिर्मित कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण करते हुए निर्माण की सराहना की।

महापौर श्री मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, श्री संजय अग्रवाल, श्री जगदीश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

आगर रोड गाडी अड्डा चौराहा के समीप अटल परिसर में त+2 शॉपिंग काम्प्लेक्स का निर्माण किया गया है। अटल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में में टू-व्हीलर एवं फोर व्हीलर वाहनों के लिये पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। कॉम्प्लेक्स के ग्राउण्ड (भूतल) फ्लोर पर 27 दुकान, प्रथम तल पर 27 दुकान एव द्वितीय तल घर 27 ऑफिस का निर्माण किया गया है। साथ ही कॉम्प्लेक्स में आगजनी से बचाव के लिए फायर एक्सटिंगशर का प्रावधान रखा गया है। बेसमेंट पॉर्किंग से द्वितीय तल तक आगमन के लिए लिफ्ट का प्रावधान है जिससे विजिटर को सुगमता होगी।

# चरक अस्पताल में रोजाना आ रहे 7 से 8 हार्ट के मरीज

## सर्दी के मौसम में हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा और बढ़ गया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जनवरी में तेज सर्दी के चलते हार्ट और ब्रेन स्ट्रोक के मामले बढने् लगे हैं। चरक अस्पताल में जनवरी के 25 दिन में 200 मरीज इलाज कराने के लिए पहुँचे हैं। इन मरीजों में हार्ट और लकवा के अलावा श्वांस के मरीज भी शामिल हैं। नए साल में भी रोजाना 7 से 8 केस इस तरह के अस्पताल में आ रहे हैं।



उल्लेखनीय है कि सर्दी का मौसम शुरू होते ही पुरानी बीमारियों जैसे बीपी, डायबिटीज, हृदय रोग, श्वांस, दमा तथा अस्थमा के मरीजों पर सबसे ज्यादा अटैक पड़ रहा है। इमरजेंसी में आने वाले मरीजों में से 30-45 प्रतिशत इसी तरह के हैं। रोज 7 से 8 मरीज आ रहे हैं। इनमें से कई मरीजों को भर्ती करने की जरूरत पड रही है। रात में स्ट्रोक के मरीज सबसे ज्यादा आ रहे हैं। कारण कि इसी समय स्ट्रोक का सबसे अधिक खतरा रहता है। पिछले एक सप्ताह में जिले के कई लोगों की हार्ट अटैक से मौत हुई है। इमरजेंसी में पिछले सप्ताह से ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ी है। यानी हल्की सर्दी के साथ सुबह और देर रात की ठंड ने दिक्कत बढ़ाई है।

ठंड के कारण वायरल भी बढ़ा - फिजिशियन डॉ. जितेंद्र शर्मा ने बताया कि सर्दी के दिनों में शरीर में खून का संचार कम हो जाता है। साथ ही प्रदूषण, स्मॉग, स्मोक से दिक्कतें बढ़ जाती हैं। इससे अस्थमा का अटैक पड़ सकता है। सांस संबंधी किसी भी बीमारी के मरीज को बाहर निकलते समय मास्क का प्रयोग करना चाहिए। अभी ठंड के कारण सर्दी और वायरल बुखार के मरीज भी बढ़े हैं। बता दें कि कोरोना काल के बाद हार्ट, बीपी, लकवा के मरीजों में इजाफा हुआ है। इसकी वजह कोरोना के इलाज में बड़ी मात्रा में स्टेरॉयड दवाओं का उपयोग किया जाना है। इससे हृदय पर दबाव बढ़ा है। शरीर के अन्य अंग भी प्रभावित होते हैं। वहीं पिछले साल की अपेक्षा इस साल मरीजों का आंकड़ा कम होना लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता को दर्शाता है।

इन बातों का रखे ध्यान - हृदय और श्वांस संबंधी बीमारियों के मरीज बढने् की एक वजह कोविड काल और प्रदूषण भी है। इसकी वजह से खराब हुए फेफड़े भी इन बीमारियों के लिए कुछ हद तक जिम्मेदार हैं। ऐसे में एकदम ठंडे से गर्म व गर्म से ठंडे माहौल में नहीं जाएं, गलत खानपान, तला या भुना, अधिक मसालेदार खाने से दिक्कत हो सकती है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का माना आभार

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का उज्जैन के हामूखेड़ी शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ हायर सेकेंडरी विद्यालय में विद्यार्थियों और जन प्रतिनिधियों के साथ सुना। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 130वें एडिशन में पर्यावरण संरक्षण के लिए देश में साधारण व्यक्तियों द्वारा की जा रही पहल का उल्लेख करते हुए प्रदेश के पन्ना जिले के बीट गार्ड (वनरक्षक) श्री जगदीश प्रसाद अहिरवार के प्रयासों की सराहना की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जब पर्यावरण सरंक्षण की बात होती है, तो अक्सर हमारे मन में बड़ी योजनाएं, बड़े अभियान और बड़े-बड़े संगठनों के नाम और उनकी बातें आती हैं। लेकिन कई बार बदलाव की शुरूआत बहुत साधारण तरीके से होती है। यह शुरूआत एक व्यक्ति से, एक इलाके से, एक कदम से और लगातार की गई छोटी-छोटी बातों से भी हो सकती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि मध्यप्रदेश में पन्ना जिले के श्री जगदीश प्रसाद अहिरवार का प्रयास भी बहुत ही सराहनीय है। वे जंगल में बीट-गार्ड के रूप में अपनी सेवाएं देते हैं। एक बार गश्त के दौरान उन्होंने महसूस किया कि जंगल में मौजूद कई औषधीय पौधों की जानकारी कहीं भी व्यवस्थित रूप से दर्ज नहीं है। श्री अरिवार ये जानकारी अगली पीढ़ी तक पहुँचाना चाहते थे, इसलिए उन्होंने, औषधीय पौधों की पहचान करना और उनका रिकार्ड बनाना शुरू किया।

# महाकाल ही नहीं अन्य मंदिरों के दर्शन के नाम पर भी लिया जा रहा अधिक किराया

## लंबे समय से आरटीओ द्वारा नहीं की जा रही अधिक किराया वसूलने वाले यात्री वाहनों पर जांच और कार्रवाई

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में महाकाल के अलावा कालभैरव और अन्य मंदिरों में भी दर्शनार्थियों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

इसे देखकर मैजिक व ऑटो चालकों के साथ साथ ई-रिक्शा चालकों ने भी यात्रियों से मनमाना किराया वसूलना शुरु कर दिया है। हालांकि जिला प्रशासक और आरटीओ ने कई बार समझाईश दी है, फिर भी बाहर के यात्रियों से उज्जैन दर्शन के नाम पर किराए में मनमानी की जा रही है। कई महीने से आरटीओ इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

उल्लेखनीय है कि महाकाल लोक का शुभारंभ होने के बाद से ही बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की तादाद बस स्टैण्ड और रेलवे स्टेशन पर पहले से दो से तीन गुना हो गई है। यहाँ आकर यात्री महाकाल और अन्य मंदिरों के दर्शन के लिए मैजिक, ऑटो और ई-रिक्शा वाहनों का उपयोग अधिक कर रहे हैं। इसे देखते हुए मैजिक, ऑटो और ई- रिक्शा चालकों ने बस स्टैण्ड और रेलवे स्टेशन से लेकर महाकाल तक के सवारी के रेट बढ़ा देते हैं। कुछ साल पहले तक बाहर के यात्रियों से महाकाल तक के 50 से 60 रुपए लिए जाते थे लेकिन अब यह राशि बढ़ाकर दो से तीन गुनी कर दी गई है। ऑटो चालकों की तर्ज पर ही ई रिक्शा चालकों ने भी स्टेशन से महाकाल तक के 100 रुपए से अधिक वसूलना शुरु कर दिए हैं। लगातार शिकायतें मिलने के बाद तीन साल पहले आरटीओ संतोष मालवीय ने ऑटो यूनियन के पदाधिकारियों की बैठक बुलाई थी तथा ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को हिदायत दी गई थी कि वे वाहन चलाते वक्त यातायात के नियमों का पालन करें और दस्तावेज साथ रखें तथा दूरी के मुताबिक ही बाहर से आए श्रद्धालुओं से किराया वसूली करें। लेकिन बैठक के बाद भी इसका कोई असर अब तक नजर नहीं आ रहा। इधर महाकाल के अलावा बाहर से आने वाले पर्यटक और श्रद्धालु अन्य देव स्थानों के दर्शन करने भी जाते हैं। ऐसे में उन्हें उज्जैन दर्शन के नाम पर भी मनमाने रेट बताए जा रहे हैं। हालांकि अभी महाकाल क्षेत्र में एक प्री-पेड बूथ सेवा शुरू हुई है। लेकिन अन्य क्षेत्रों में यह व्यवस्था शुरू नहीं होने से बाहर के यात्री मनमानी के शिकार हो रहे हैं। इधर पिछले कई महीनों से आरटीओ ने भी मनमाना किराया वसूल रहे लोक परिवहन के वाहनों की जांच बंद कर रखी है।

# दिव्यांग बच्चों के आत्मबल, साहस और दिव्यता से भरे संसार से आया हूँ जुड़नेः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्यारे बच्चों को मेरा ढेर सारा स्नेह और आशीर्वाद। आप सभी बच्चे ईश्वर के सबसे प्रिय और करीबी हैं।परम पिता परमेश्वर ने आपको दिव्य शक्तियों का भंडार दिया है। ईश्वर ने आपको अलग सामर्थ्य और संकल्प शक्ति दी है। बच्चों की सकारात्मक ऊर्जा और आत्मविश्वास को देखकर अपार प्रसन्नता हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उज्जैन के हामूखेड़ी शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ हायर सेकेंडरी विद्यालय में हर क्षमता को उड़ान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ईश्वर हर बच्चे को किसी न किसी विशेष गुण के साथ इस धरती पर भेजता है। आज इन बच्चों द्वारा बनाई कलाकृतियों को देखकर मैं आश्चर्य चकित हूं। इन विशेष क्षमता वाले बच्चों को सहानुभूति नहीं, समान अवसर और प्रेम देकर इनमें छिपी प्रतिभा को पहचानकर, निखारकर और उड़ान देना हम सब का कर्त्तव्य है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि परिवार, शिक्षक और शासन एक साथ कदम बढ़ाकर दिव्यांग बच्चों के पढ़ने और आगे बढ़ने का संकल्प पूरा कर रहे हैं। मैं यहां औपचारिक कार्यक्रम के लिए नहीं बल्कि इन प्यारे मासूमों बच्चों के आत्मबल, साहस और दिव्यता से भरे संसार से जुड़ने आया हूं। उन्होंने कहा कि स्कूल कैंपस में पेंटिंग्स और विभिन्न उत्पादों में बच्चों की कल्पनाशक्ति और रचनात्मकता झलक देखने को मिली है। इस पल ने मुझे भावुक भी किया और छात्रों की कल्पना शक्ति ने गर्व से भी भर दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार दिव्यांग बच्चों का आत्म विश्वास बढ़ाने और उनकी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए विशेष ध्यान देकर कार्य कर रही हैं।

# सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने वाला समाज है पाटीदार समाज : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के प्रणेता, देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को में महाकाल की नगरी अवंतिका से प्रणाम करता है। कार्यक्रम में पधारे सभी पाटीदार समाज के बंधुओं का स्वागत एवं अभिनंदन है। भारत को एकता और अखंडता, किसी संयोग से नहीं मिली, यह सरदार पटेल की दृढ़ इच्छाशक्ति, अदम्य साहस और राष्ट्र के प्रति अगाध समर्पण का परिणाम है। वर्ष 1947 में जब भारत को आज़ादी मिली, तब देश 562 रियासतों में बंटा हुआ था। यह एक अत्यंत जटिल और चुनौतीपूर्ण समय था। ऐसे में सरदार पटेल ने केन्द्रीय गृह मंत्री एवं उप प्रधानमंत्री के रूप में जो दृढ़ संकल्प और राजनीतिक कौशल दिखाया, वह इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया। उन्होंने सभी को जोड़ कर संगठित भारत का निर्माण किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उज्जैन में मध्यप्रदेश पाटीदार समाज संगठन के प्रांतीय कार्यालय का भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह भूमिपूजन सिर्फ भवन निर्माण का नहीं है अपितु मजबूत इच्छाशक्ति, एकजुटता और उज्जवल भविष्य की नींव है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के केवड़िया में दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित करके सरदार पटेल की स्मृति को अमर कर दिया है। बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में मध्यप्रदेश पाटीदार समाज संगठन के प्रदेश कार्यालय का भूमिपूजन करना सौभाग्य की बात है। पाटीदार समाज सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने वाला समाज है। पाटीदार समाज खेती से लेकर उद्योग, व्यापार, शिक्षा, राजनीति से लेकर सामाजिक सेवा तक हर क्षेत्र में एक विशिष्ट पहचान रखता है और राष्ट्र निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



# 77वें गणतंत्र दिवस की

## प्रदेशवासियों को अनेक मंगलकामनाएं



"भारत के 77वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। आज राष्ट्र के हर नागरिक के हृदय में देशभक्ति और देश के लिए गर्व का भाव सशक्त हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की नेतृत्व क्षमता के फलस्वरूप यह सब संभव हो पाया है। आज भारत वैश्विक शक्ति बनकर उभर रहा है।"

**-डॉ. मोहन यादव**, मुख्यमंत्री

डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश

## मध्यप्रदेश की उन्नति के मुख्य स्तंभ

**अन्नदाता की समृद्धि से प्रगति की ओर मध्यप्रदेश**
वर्ष 2026 को 'किसान कल्याण वर्ष' के रूप में घोषित किया गया है, इसका उद्देश्य अन्नदाता को समृद्ध और सशक्त बनाना है।

**युवा शक्ति से राष्ट्र निर्माण**
मध्यप्रदेश के युवा सक्षम और कौशलवान बनकर अपने सपनों को साकार करें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

**गरीब एवं जनजातीय वर्ग की तरक्की का संकल्प**
गरीब और जनजातीय वर्ग के उत्थान के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार और समस्त मूलभूत सुविधाओं के लिए हमारी सरकार संकल्पित है।

**सशक्त नारी - सशक्त मध्यप्रदेश**
नारी परिवार और समाज का दर्पण होती है। महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनके पोषण, स्वास्थ्य से लेकर शिक्षा एवं रोज़गार तक का ख्याल प्रदेश सरकार रख रही है।

**अतुल्य विरासत से वैभवशाली मध्यप्रदेश**
मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विरासत अत्यंत अद्भुत एवं समृद्ध है। यहां नैसर्गिक सुंदरता के साथ-साथ कला और संस्कृति भी बहुआयामी है।

**औद्योगिक विकास का नया अध्याय**
मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास का एक उभरता केंद्र बन चुका है। गांवों को शहरों से जोड़ना हो या नए उद्योग स्थापित करने हों, प्रदेश आज चौतरफा विकास की ओर लगातार आगे बढ़ रहा है।

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026

सीधा प्रसारण | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhypradesh @jansamparkMP | JansamparkMP

D11193/25